दैनिक समाचार पत्र

हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर



यूपी के उप चुनाव में तीन सीटें मांग सकती है कांग्रेस 5

आस्ट्रेलिया की लगातार पांचवी जीत 6



## योग विद्या ही नहीं विज्ञान है, यह एकाग्रता लाने में सहायक : पीएम

### योग को लोकप्रिय बनाने की यात्रा में श्रीअन्न नया पड़ाव : सीएम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्यमंत्री निवास में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में योगाभ्यास किया और कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विशिष्ट अतिथिगण और उपस्थित विद्यार्थियों एवं नागरिकों के साथ योग अभ्यास किया। योग दिवस में प्रमुख जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण उपस्थित थे। इनमें भोपाल संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री आलोक शर्मा, भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, विधायक श्री भगवान दास सबनानी, भोपाल नगर निगम के अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर कुमार सक्सेना, अपर मुख्य सचिव श्री अशोक वर्णवाल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय श्री संजय शुक्ला, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय श्री राघवेंद्र कुमार सिंह, प्रमुख सचिव आयुष और स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरुण शमी, जनसंपर्क आयुक्त श्री संदीप यादव शामिल हुए। इस कार्यक्रम से प्रदेशभर में मंत्रिगण, सांसद, विधायक और आमजन जुड़े।

#### प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा श्रीनगर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस - 2024 को दिए गए संबोधन का श्रवण किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी



ने कहा कि योग से व्यक्ति को शक्ति मिलती है। योग विद्या ही नहीं विज्ञान है। यह एकाग्रता लाने में सहायक है। मन की ताकत को बढ़ाता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पूरे विश्व के योग प्रेमियों को और दुनिया के कोने-कोने में योग कर रहे लोगों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारत द्वारा संयुक्त राष्ट्रसंघ में 10 वर्ष पूर्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रस्ताव को विश्व के 177 देशों ने समर्थन दिया था। योग से जुड़े नए-नए रिकार्ड बन रहे हैं। योग करने वालों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। जेलों में भी कैदियों द्वारा योग किया जा रहा है। योग की यह प्रेरणा मनुष्य के सकारात्मक प्रयासों को ऊर्जा देती है। अनेक देशों में योग जीवन का हिस्सा बन चुका है। वयोवृद्ध लोग भी योग कर रहे हैं। विश्वविद्यालयों में योग पर शोध कार्य हो रहे हैं। अन्य देशों के पर्यटक भारत में योग शिक्षण-प्रशिक्षण के उद्देश्य से आते हैं। आज बाजार में भी योगाभ्यास और फिटनेस के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं। कार्यक्रम को केंद्रिय आयुष राज्यमंत्री श्री प्रताप राव जाधव ने भी संबोधित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि योग का अर्थ जुड़ाव है। मन और आत्मा का जुड़ाव। आत्मा का चेतना से जुड़ाव और हमारे खान-पान, रहन-सहन और आचार-विचार से भी योग का संबंध है। इस नाते योग से इस वर्ष श्रीअन्न को भी जोड़ा गया है। योग को लोकप्रिय बनाने के प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रयास भलीभूत हो रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र संघ में योग दिवस का प्रस्ताव रखा था, जिसे सर्वानुमति से सभी राष्ट्रों ने स्वीकार किया। भारतीय संस्कृति की ध्वजा लहराई। यह भारत की उज्जवल, गरिमापूर्ण, गौरवपूर्ण संस्कृति और हजारों साल से चली आ रही आहार शैली को भी समर्थन था। शारीरिक दक्षता के लिए जहां योग की जरूरत है वहीं आहार भी आवश्यक है।

## सीएम केजरीवाल को फिलहाल राहत नहीं, हाईकोर्ट ने जमानत पर फैसला रखा सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को दिल्ली उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिली। कोर्ट ने उनकी जमानत पर फिलहाल रोक लगा दी है और फैसला सुरक्षित रखा है। माना जा रहा है कि दो से तीन दिन पर इस पर फैसला आएगा। तब तक उन्हें तिहाड़ जेल में ही रहना होगा। बता दें कि गुरुवार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत दे दी थी। इस पर ईडी ने शुक्रवार को हाईकोर्ट का रुख किया था। ईडी ने इस मामले को तत्काल सुनवाई की मांग की। ईडी की याचिका पर सुनवाई को लिए हाईकोर्ट सहमत हो गया है।

ईडी का दावा है कि हमको अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका का विरोध करने का पूरा मौका नहीं दिया क्या, इसलिए निचली अदालत के जमानत के फैसले पर रोक लगाई जाए। अरविंद



केजरीवाल के वकीलों ने ईडी के वकील को सलाह दी कि आपको अदालत के फैसले को सम्मान के साथ स्वीकार करना चाहिए। हाईकोर्ट की सुनवाई के बाद ही साफ होगा कि अरविंद केजरीवाल आज रिहा होंगे या नहीं। दिल्ली हाईकोर्ट का कहना है कि ट्रायल कोर्ट के आदेश को तब तक प्रभावी नहीं किया जाएगा जब तक वह सीएम केजरीवाल को दी गई जमानत को चुनौती देने वाली श्र्ष्ठ की याचिका पर सुनवाई नहीं कर लेता। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने ईडी के केजरीवाल की जमानत के खिलाफ हाईकोर्ट जाने को लेकर कहा, मोदी सरकार की गुंडागर्दी देखिए अभी ट्रायल कोर्ट का आदेश ही नही आया आदेश की कॉपी भी नहीं मिली तो मोदी की ईडी हाईकोर्ट में किस आदेश को चुनौती देने पहुंच गई? क्या हो रहा है इस देश में न्यायव्यवस्था का मजाक क्यों बना रहे हो मोदी जी पूरा देश आपको देख रहा है?

वहीं, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा, देश में तानाशाही इतनी बढ़ गई है कि ईडी किसी को छूट भी नहीं देना चाहती। ईडी अरविंद केजरीवाल जी के साथ देश के आतंकवादी की तरह व्यवहार कर रही है। अभी तो केजरीवाल जी की जमानत का आदेश अपडेट भी नहीं हुआ था कि ईडी स्टे लगवाने के लिए हाईकोर्ट पहुंच गई। लेकिन अभी हाईकोर्ट का फैसला आना बाकी है और हम आशा करते हैं कि हाईकोर्ट न्याय करेगा।

## बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना भारत पहुंचीं

### 15 दिन के अंदर दूसरी यात्रा, तीस्ता जल बंटवारे पर हो सकती है बातचीत

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना दो दिन के दौरे पर आज शुक्रवार शाम नई दिल्ली पहुंची। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने किया। पीएम हसीना हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से रवाना हुई थीं।

देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनने के बाद, किसी राष्ट्राध्यक्ष का ये पहला भारत दौरा है। अपनी इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री शेख हसीना, पीएम नरेंद्र मोदी के अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी



मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी मुलाकात करेंगी।

शेख हसीना पीएम मोदी के आमंत्रण पर 15 दिनों के भीतर दूसरी बार भारत आ रही हैं। इससे पहले वह उन कुछ नेताओं में थीं जिन्हें नई कैबिनेट के शपथ ग्रहण में आमंत्रित किया गया था। बांग्लादेश भारत की 'नेबर फर्स्ट' नीति के तहत एक महत्वपूर्ण साझेदार है। शेख हसीना की इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच संबंधों को और घनिष्ट करना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पीएम मोदी और शेख हसीना की बातचीत के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के कई समझौतों पर मुहर लगने की उम्मीद है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों नेता गंगा जल बंटवारा संधि के रिन्यूअल पर भी बातचीत कर सकते हैं।

## उज्जैन में बनी मप्र की आठवीं खुली जेल, परिवार सहित रह सकेंगे 21 कैदी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री मोहन यादव के गृह जिले उज्जैन में मध्य प्रदेश की आठवीं खुली जेल बनकर तैयार हो गई है। इनमें वन बीएचके (एक बेडरूम, हॉल किचन और शौचालय) के 21 मकान बनाए गए हैं। इनमें खुली जेल के लिए पात्र कैदी अपने परिवार सहित रहकर जीवन यापन कर सकेंगे। राज्य सरकार ने खुली कालोनी उज्जैन को खुली जेल उज्जैन के रूप में घोषित कर दिया है। यह प्रदेश की आठवीं खुली जेल है।

## तमिलनाडु शराब कांड में मरने वालों की संख्या 47 हुई

### इनमें से 24 एक गांव के, एक साथ कई चिताएं जलीं, 30 की हालत अब भी गंभीर

**कल्लाकुरिची।** तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में जहरीली शराब पीने से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 47 हो गया है। इनमें से 24 तो एक ही गांव करुणापुरम के थे। 20 जून को सभी मृतकों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। चिकित्सा शिक्षा निदेशक जे. संगुमनी के मुताबिक अभी भी 30 की हालत गंभीर बताई गई है।

उधर, शराब कांड के तीन आरोपियों को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इन्हें कड्डुलोर जेल में रखा गया है। तीनों आरोपी 5 जुलाई तक हिरासत में रहेंगे।

जहरीली शराब के कारण अपने बेटे को खोने वाली एक महिला ने रोते हुए बताया कि बेटे को पेट में बहुत दर्द था। वो ठीक से अपनी आंखें भी नहीं खोल पा रहा था। जब हम उसे अस्पताल लेकर पहुंचे तो शुरुआत में उसे भर्ती भी नहीं किया गया था। कहा गया था कि बेटा नशे में है। बाद में बेटे की जान चली गई। महिला ने आगे कहा कि सरकार को शराब की दुकानें बंद कर देनी चाहिए।

100 से ज्यादा पीड़ितों का कल्लाकुरिची सरकारी मेडिकल कॉलेज के अलावा दूसरे अस्पतालों में इलाज जारी है। सभी को सांस लेने में दिक्कत, कम दिखाई देने और शरीर में तेज दर्द की शिकायत है।

अन्नामलाई ने शाह को लेटर लिखा, सीबीआई जांच की मांग की कर्नाटक बीजेपी के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने कल्लाकुरिची की घटना पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेटर लिखा।

## पतंजलि योगपीठ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**हरिद्वार।** स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के दिशा-निर्देश में पतंजलि वैलनेस योगभवन सभागार में शुक्रवार को 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की थीम थी- स्वयं और समाज के साथ यूनिवर्स के लिए योग। इस अवसर पर स्वामी रामदेव महाराज ने कहा कि योग से असाध्य माने जाने वाले लिवर, किडनी, लंग्स, हार्ट आदि के रोगों को जड़ से खत्म किया जा सकता है। योग फॉर सेल्फ व सोसाइटी ही नहीं, योग फॉर यूनिवर्स अर्थात युग के लिए योग है।

## सिपाही भर्ती मामला फिर गरमाया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सिपाही भर्ती मामले में फिर से राजनीति तेज हो गई है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परीक्षा कराने वाली कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने का फरमान जारी कर दिया। यह कंपनी गुजरात की है।

अखिलेश यादव ने मौके को भुनाते हुए भाजपा सरकार पर हमला बोल दिया। उन्होंने लिखा कि भाजपाइयों की यही पहचान। झूठों का काम, झूठों को सलाम।

उन्होंने लिखा कि ये आरोप बेहद गंभीर है कि पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर आयोजित करवाने वाली गुजरात की कंपनी का ही पेपर लीक करवाने में हाथ है। उसका मालिक सफलतापूर्वक विदेश भाग गया, तो उप्र सरकार ने उसके बारे में जनता को बताया।

जनता के गुस्से से बचने के लिए उस कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर दिया। उप्र सरकार उस कंपनी और उसके मालिक के खिलाफ एफआईआर की कॉपी सार्वजनिक करे। गुजरात भेजकर उसकी संपत्ति से खामियाजा वसूलने की हिम्मत दिखाए।

ऐसे आपराधिक लोग उप्र के 60 लाख युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने के दोषी हैं। उप्र की भाजपा सरकार साबित करे कि वो इन अपराधियों के साथ है या प्रदेश की जनता के साथ है।

## शरीर, मन और आत्मा को संतुलित रखने योग जरूरी : मंगुभाई

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन के लिए योग अत्यंत ज़रूरी है। योग सरल है, सभी के लिए हैं। यह व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से किया जा सकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विशेष प्रयासों से योग अब वैश्विक उत्सव बन गया है। श्री पटेल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राजभवन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के उद्बोधन का जम्मू-कश्मीर से लाईव प्रसारण किया गया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि योग हमारे पूर्वजों की धरोहर है। ऋषि-मुनियों की देन है। हमें योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। भौतिकवादी



जीवनशैली और बदलते खान-पान के दौर में हमें योग के साथ अपने खान-पान, आचार-विचार पर भी विशेष ध्यान देना ज़रूरी है। उन्होंने मोटे अनाज, व्यायाम, पर्याप्त पानी और भरपूर नींद को स्वस्थ शरीर के लिए आवश्यक बताया। श्री पटेल ने 40 वर्ष की आयु तक मन को भाने वाले और 40 वर्ष के बाद शरीर को भाने वाले खान-पान को अपनाने की सलाह दी। राज्यपाल श्री पटेल ने सामूहिक रूप से योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान की क्रियाओं में भाग लिया। उन्होंने बैठकर, पीठ के बल लेटकर, पेट के बल लेटकर, खड़े होकर किए जाने वाले आसन किए। राज्यपाल श्री पटेल के साथ करीब 150 व्यक्तियों ने सामूहिक रुप से ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, कटिचक्रासन, दण्डासन, वज्रासन, तितली आसन, उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तानमंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, सेतुबंध आसन, उत्तानपादासन, पवनमुक्तासन और शवासन किए। आसनों के बाद कपालभाति, नाड़ीशोधन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, आदि प्राणायाम किए। क्लैपिंग एवं लाफिंगथेरेपी के साथ सामूहिक योग कार्यक्रम का समापन हुआ। योग गुरु श्री राजीव जैनत्रिलोक ने योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास कराया। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का सामूहिक योग कार्यक्रम के पूर्व बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के योग संकाय के छात्रों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

## दिल्ली जल संकट को लेकर आतिशी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर

**नई दिल्ली।** हरियाणा से रोज 100 मिलियन गैलन पानी दिए जाने की अपनी मांग को लेकर दिल्ली की जल मंत्री आतिशी आज यानी 21 जून से भूख हड़ताल कर रही हैं। हड़ताल शुरू करने से पहले उन्होंने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। उनके साथ अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता, आप सांसद संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज भी मौजूद थे।

आतिशी दक्षिण दिल्ली के भोगल में भूख हड़ताल कर रही हैं। उनका आरोप है कि हर कोशिश के बावजूद, हरियाणा सरकार दिल्ली के हिस्से का पूरा पानी नहीं रिलीज



रही है। हड़ताल के दौरान संजय सिंह ने कहा- हम इस भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए छतों पर पानी रख देते हैं। इंसानों के लिए प्याऊ चलाये जाते हैं, लेकिन बीजेपी वालों के अंदर इतनी क्रूरता भरी है कि वे दिल्ली के लोगों को एक-एक बूंद पानी के लिए तरसा रहे हैं।

## एमपी के 416 सब-स्टेशनों पर बिजली मुख्यालय रखेगा निगरानी

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी विद्युत लाइनों की ड्रोन से पेट्रोलिंग (निगरानी) के बाद अब एक कदम आगे बढ़ते हुए ट्रांसमिशन कंपनी सब-स्टेशनों की सुरक्षा के लिए तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखेगी। कंपनी ने शक्ति भवन कंपनी मुख्यालय जबलपुर में बैठकर ही प्रदेश के सभी 416 विद्युत सब-स्टेशन की गतिविधियों पर नजर रखने की तैयारी कर ली है। इसके लिए लगभग आठ करोड़ 15 लाख रुपये की लागत से हाई परफार्मेंस एचडी कैमरे लगने प्रारंभ हो गए हैं। प्रथम चरण में करीब ढाई सौ सब-स्टेशनों पर कैमरे लगाए जा रहे हैं। कंपनी के इस निर्णय से सब स्टेशनों की गश्ती व सुरक्षा में मानव श्रम की बचत के साथ डबल लेयर सुरक्षा प्रणाली विकसित हो सकेगी।

## एमपी-झारखंड समेत 6 राज्यों में मानसून की एंट्री



**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून 10 दिन थमे रहने के बाद शुक्रवार 21 जून को मध्य प्रदेश पहुंच गया। मध्य प्रदेश में मानसून डिंडौरी के रास्ते आया। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून महाराष्ट्र-विदर्भ के हिस्सों, छत्तीसगढ़, ओडिशा, गांगेय पश्चिम बंगाल, उपहिमालयी पश्चिम बंगाल और झारखंड में भी पहुंच गया है।

मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश के भोपाल-इंदौर समेत 14 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, बीते कुछ दिन से 43ए-45ए टेम्परेचर झेल रही दिल्ली में भी बारिश हुई और 30-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं।

आईएमडी ने ये भी बताया कि देश में अब तक (1 से 20 जून तक) 77 मिमी बारिश हुई। यह इस दौरान होने वाली बारिश से 17त्न कम है। 1 से 20 जून तक देश में 92.8 मिमी बारिश हो जाती है।

दक्षिण-पश्चिम मानसून निकोबार में 19 मई को पहुंच गया था। केरल में इस बार दो दिन पहले, यानी 30 मई को, ही मानसून पहुंच गया था और कई राज्यों को कवर भी कर गया। फिर 12 से 18 जून तक (6 दिन) मानसून रुका रहा। इसके चलते उत्तर भारत में हीटवेव चल रही है।

## नीट-यूजी एग्जाम फर्जीवाड़े के विरोध में कांग्रेस का हल्ला बोल

**भोपाल।** नीट-यूजी परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस ने भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि बच्चों की बौद्धिक हत्या अगर कहीं से शुरुआत हुई तो वह मध्य प्रदेश है। पहले व्यापमं के माध्यम से बच्चों के भविष्य को इन्होंने रौंदा। पुलिस भर्ती परीक्षा में घपले हुए, वन रक्षक, सहकारी बैंकों में भर्ती का घोटाला हुआ। मध्यप्रदेश को घोटालों की नर्सरी बना दिया। भाजपा की सरकार घोटाला को संरक्षित करती है। नरेंद्र मोदी पेपर लीक करवाते हैं। भाजपा के मुख्यमंत्री और मंत्री घोटाला करवाते हैं। उन्होंने कहा कि नर्सिंग घोटाले में मास्टर माइंड महेंद्र गुप्ता की जांच होना चाहिए। इस घोटाले का




मास्टरमाइंड महेंद्र गुप्ता किसका ओएसडी है। इस घोटाले के लिए दोषी मंत्री से इस्तीफा क्यों नहीं लिया जाता।

एमपी के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने धरना प्रदर्शन में सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने इस दौरान कहा कि परीक्षाओं में हो रहे घोटाले से 14 लाख से ज्यादा हिंदू परिवारों के बच्चों के साथ अन्याय हुआ है। मोहन यादव बताएंगे कि इस मामले में कुछ करेंगे। नेट एग्जाम में जब शिकायत आई तो उसे कैंसिल कर दिया। लेकिन नीट जिसमें 14 लाख बच्चों का भविष्य निर्भर है, उसे रद्द नहीं किया।

दिग्विजय सिंह ने कहा कि वो लोग कहां हैं जो हिंदुओं का ठेका लिए रहते हैं। 14 लाख में से कितने मुसलमान होंगे, जिन्होंने परीक्षा दी है। 5-10 फीसदी मुसलमान होंगे बाकी तो हिंदू हैं। बजरंग दल हमारे खिलाफ रोज बयान देता है। वो हिंदुओं के बच्चों के हक में आवाज क्यों नहीं उठाते। भाजपा और आरएसएस का स्वरूप एक जैसा है। खाओ और खाने दो की मानसिकता पर काम करते हैं। अधिकारियों कर्मचारियों के साथ मिलकर लूटते हैं। जहां-जहां भाजपा का राज रहा है ऐसा हुआ है। जब से मोदी सरकार आई है घोटाले हो रहे हैं। एक भी घोटाले में न तो उन्होंने जांच कराई और न अपना मुंह खोला।

सिंह ने कहा कि भाजपा के राज में जितनी भी नियुक्तियां हुई हैं वहां घपला हुआ है। चाहे वह एमपी हो, यूपी या राजस्थान हो। पहले तो मध्य प्रदेश की यही बदनामी होती थी कि व्यापमं के डॉक्टर से इलाज नहीं कराएंगे। अब तो तो नीट में घोटाला हो गया। जिनकी नीट के जरिए भर्ती होगी, जो एम्स में पहुंच जाएंगे। अब जानकारी मिल रही है कि जिन्होंने पहले फार्म भर उन्हें पहले कॉलेज मिल जाएगा यह सब घपले का तरीका है।

पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान के समय में मध्यप्रदेश में व्यापमं घोटाला हुआ। अब वे दिल्ली चले गए वहां नीट और नेट घोटाला हो गया। पूरा खेल एन का है। एन से नीट और नेट घोटाला। एन से ही एनडीए और नरेंद्र मोदी का नाम आता है।

पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने कहा कि घोटालों के पीछे की वजह देखेंगे तो कोई न कोई भाजपा से जुड़ा व्यक्ति शामिल पाया जाता है। कमलेश्वर ने कहा एक और बड़ा घोटाला ईवीएम का है। अभी एलन मस्क ने जो कहा उसकी यदि सही जांच हो जाए तो सच सामने आ जाएगा। मध्य प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी मुकेश नायक ने कहा कि एमपी में इतने घोटाले हो रहे हैं।

# योग जीवन जीने की पद्धति संयमित करता है : राज्य मंत्री

## 10 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला मुख्यालय पर सामूहिक योग कार्यक्रम सम्पन्न

**सिंगरौली।** 10 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन राज माता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में राज्य मंत्री मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती राधा सिंह के मुख्य अतिथि में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह, देवसर विधानसभा के विधायक राजेन्द्र मेश्राम, सिंगरौली विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दिलीप शाह, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला,पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदित गुप्ता, जिला पंचायत के मुख्य कर्यापालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण, शासकीय सेवकों व्यापरियों आम नागरिको सहित विद्यार्थियो ने सामूहिक योगाभ्यास किया।जिला मुख्यालय पर आयोजित हुयें सामूहिक योग कार्यक्रम में राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने संबोधित करते हुयें कहा कि भारत के लिए गर्व का विषय है कि हमारी योग परंम्परा को दुनिया ने



अपनाया है आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारत ही नही दुनिया के अन्य देशो को भी योग करते हुये हम देख सकते है। भारत में प्राचीन समय से योग हमारे जीवन का अंग है। उन्होंने कहा कि योग जीवन के पद्धति को संयमति करता है वही शरीर को मजबूत बनाता है योग केवल स्वाथ्य ही नही लोक कल्याण की भावना से काम करने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि श्री अंत्र हमारे दैनिक आहार में पोष्टिक तंत्व उपलंब्ध कराने मे अहम भूमिका निभाता है इसके सेवन से शारीरिक रोग जैसे डायबटीज, शुगर, ह्रदय रोग आदि से बचा जा सकता है। उन्होंने मोटे अन्न के बड़ावा हेतु जोर दिया।तथा कहा कि प्राचीन समय में भी मोटे अन्न के फल स्वारूप ऐसी कोई गंभीर बिमारियां नही आती थी।

प्रदेश स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संबोधित करते हुये अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सुभाकाना दी। साथ ही इस मौके पर उन्होंने अन्न संर्वधन अभियान का सुभारंभ भी किया। वही मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने योगाभ्यास को दैनिक जीवन में अपनाने का आव्हान किया तथा दैनिक जीवन में भोजन में श्री अंत्र को भी शामिल करने को कहा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 11 आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज खोले जा रहे है। साथ ही विद्यार्थियों के लिए योग को भी पाठ्क्रम का हिस्सा बनाया गया है। तत्पश्चात अतिथियों विद्यार्थियों एवं योग से जुड़ी संस्थाओं के सदस्यों ने सामूहिक योग किया। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के साथ सामूहिक रूप से सुक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम एवं विभिन्न आसनो पर आधारित योग किया गया।

मध्य प्रदेश शासन की राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह, सिंगरौली विधायक श्री शाह, देवसर विधायक श्री मेश्राम, कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा श्री अंन्न प्रोत्साहन योजना का सुभारंभ किया गया। साथ ही किसानो को योजना के तहत किट का वितरण किया गया वही स्वाती स्वा सहायता समूह सेमुआर, आदर्श स्वा सहायता समूह चिनगी टोला, रूपा स्वा सहायता समूह तेलदह के सदस्यो को अपनी सुभकामना दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार बर्मा, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा, राजेश शुक्ला, नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा, तहसीलदार रमेश कोल, जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह, डी.पीसी आर.एल शुक्ला, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी, नगर निगम के कार्यपालन यंत्री व्हीपी उपाध्याय, उपायुक्त आरपी बैस, लोक सेवा प्रबंधक रमेश पटेल सहित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल तिवारी, उप संचालक कृषि आशीष पाण्डेय, डीपीएम मंगलेश्वर सिंह सहित जिलाधिकारी, पुलिस अधीकारी, विभिन्न विद्यालयो के प्राचार्य,शिक्षक, छात्र छात्रा आम नगारिक उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी विंध्याचल में उत्साह के साथ मनाया गया दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल के वीवा क्लब में दिनांक 21.06.2024 को प्रात: 06¬15 बजे दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार की अध्यक्षता में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। योग का अभ्यास प्रतिष्ठित योग गुरु डॉ. आर डी पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ-साथ उनके परिवारजन भी शामिल हुए तथा योग का अभ्यास किया।कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा, अन्य सभी महाप्रबंधकगण, सुहासिनी संघ के पदाधिकारीगण के साथ-साथ सुहासिनी संघ की अन्य सदस्याओं, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारीगण नें योग का अभ्यास किया। एनटीपीसी विंध्याचल के परिवार के लोगों ने भी अपने शरीर, मन और आत्मा को फिर से तरोताजा करने के लिए योग को अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया । इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने अपने उद्बोधन में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल एक शारीरिक अभ्यास नहीं है बल्कि जीवन का एक तरीका है जो मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक स्थिरता और समग्र कल्याण को बढ़ावा देता है। यह भौगोलिक और सांस्कृतिक सीमाओं को पार करते हुए लोगों को एक साथ लाता है। साथ ही वैश्विक एकता और शांति की भावना को बढ़ावा देता है।

## जनपद पंचायत बैढ़न विभिन्न पंचायतो में जल गंगा संर्वधन अभियान के तहत किये जा रहे है कार्य



**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश के नेत्व में जल गंगा संर्वधन अभियान के तहत जनपद पंचयत बैढ़न के विभिन्न ग्राम पंचायतो में जल संर्वधन के कार्य किये जा रहे है। जिसके तहत ग्राम पंचायत रजमिलान में हायक सेकन्ड्री स्कूल के पास तालाब गहरी करण का कार्य मनरेगा योजना के तहत 0.94 लाख की लागत से किया जा रहा है। वही ग्राम पंचायत पोड़ीडोल में 1.97 लाख की लागत से तालाब गहरी करण कार्य भैया लाल के घर के पास किया जा रहा है। ग्राम पंचायत बनौली में मनरेगा मद से पटेल मोहल्ला बनौली में तालाब गहरीकरण कार्य लागत 1 लाख से कराया जा रहा है।ग्राम पंचायत मधुरा में तालाब गहरीकरण का कार्य लागत 0.99 लाख से कराया जा रहा है।जल गंगा अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत कर्सुआ लाल में प्राथमिक शाला के पास सोकपिट का निर्माण कार्य 15 वे वित्त मद से 0.18 लाख की लागत से कराया जा रहा है।वही ग्राम पंचायत मझौलीपाठ में सोकपिट का निर्माण 15 वे वित्त मद से लागत 0.18 से कराया जा रहा है।

## कोतवाली पुलिस ने दीनदयाल रसोई केन्द्र बैढ़न के बर्तन चोरों को किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक, श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा शहर में हो रही चोरी नकबजनी एवं अन्य संपत्ति संबंधी घटनाओं पर रोक एवं आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु आदेशित किया गया, जिस पर अति. पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक पी.एस परस्ते के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली निरी अशोक सिंह परिहार एवं टीम को दीनदयाल रसोई केन्द्र बैढ़न में बर्तनों की चोरी करने वाले आरोपियों को 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया गया।

बताया जाता है कि बीते 20 जुन को फरियादी बीरेन्द्र जायसवाल पिता अनन्तलाल



जायसवाल उम्र 32 वर्ष निवासी शंकर मार्केट जयंत का रिपोर्ट किया कि मध्यप्रदेश शासन की योजना के तहत संचालित दीनदयाल रसोई केन्द्र बैढ़न में दिनांक 19-20 जून की मध्यरात्रि में अज्ञात आरोपी द्वारा चैनल गेट का ताला तोड़कर रसोई केन्द्र में रखा एल्युमीनियम का भगौना बड़ा साईज का 6 नग, छोटा भगोना 4 नग, लोहे की कढ़ाई 2 नग, कुकर 22 लीटर का 2 नग, स्टील की थाली 135 नग, करछुल 10 नग, गिलास 50 नग, कोपर 2 नग, जग 6 नग कुल करीबन 40,000 रूपए के सामान चोरी कर ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर थाना बैढ़न में अपराध पंजीबद्ध किया जाकर तत्काल मुखबिरों को सक्रिय किया गया व तकनीकी सहयोग से घटना को घटित करने वाले आरोपियों को तत्काल पकड़कर चोरी गया मशरूका बरामद किया गया। पूंछताछ पर यह बात सामने आई है कि चोरी करने वाले आरोपीगण उसी दीनदयाल रसोई केन्द्र में प्रतिदिन भोजन किया करते थे। घटना को अंजाम देने वाले आरोपीगणों के नाम क्रमश: कृष्णप्रताप सिंह उर्फ बाबा पिता रामखेलावन सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी लूटी थाना जियावन जिला सिंगरौली, रघुवंश प्रताप उर्फ मंगल सिंह पिता रंगदेव सिंह उम्र 23 वर्ष निवासी करलो थाना चितरंगी, चोरी का माल खरीदने वाला आरोपी (कबाड़ी) कलीमुल्ला सिद्दिकी पिता शब्बीर उम्र 62 वर्ष निवासी बलियरी थाना बैढ़न से पूंछताछ कर चोरी गया माल बरामद किया गया तथा आरोपीगणों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। सराहनीय योगदान निरी. अशोक सिंह परिहार,उनि संदीप नामदेव, उनि अमन वारी, सउनि विनोद मिश्रा,सउनि सजीत सिंह, सउनि अमित शर्मा, सउनि राजेश शुक्ला, सउनि विजय अग्निहोत्री, सउनि अरविंद द्विवेदी, सउनि जीवेन्द्र मिश्रा, प्रआर. जीतेन्द्र सेंगर, प्रआर.पंकज चौहान, आर. अभिमन्यु उपाध्याय, आर.महेश पेटल का योगदान रहा।

## मारपीट कर रंगदारी वसूलने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**सिंगरौली।** श्रीमती निवेदिता गुप्ता पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शिव कुमार वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पी.एस. परस्तो के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विन्यसि नगर अर्चना द्विवेदी के नेतृत्वल में गठित टीम नें आरोपियो को गिरफ्तार किया । बताया जाता है कि बीते 20 जुन को फरियादी राज कुमार शाह पिता सरनाम प्रसाद शाह उम्र 22 वर्ष निवासी गहिलगढ़ पश्चिम रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 19.06.2024 के 10.30 बजे रात्रि में जब वह विन्ध्आगरनगर बाजार से अपनी मोटर सायकल से वापस अपने घर



जा रहा था जैसे ही त्रिदेव मंदिर के पास मोड़ पर पहुंचा तो एक एच.एफ. डीलक्स मोटर सायकल में सवार 03 अज्ञात बदमाश उसे रोककर शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगे, नहीं देने पर उसको मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देते हुए मारपीट किए एवं जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। उक्त घटना की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीमती अर्चना द्विवेदी द्वारा तत्का ल अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपियों की पता तलाश हेतु एक टीम गठित की गई।

फरियादी द्वारा बदमाशों के बताए हुलिया एवं घटना में प्रयुकत वाहन के आधार पर बदमाशों की तलाश की गई, जो मोटर सायकल क्रमांक युपी 64 एफ 8027 का पता चला वाहन के रजिस्ट्रेशन नम्बर के आधार पर तीनों अज्ञात आरोपियों की पहचान अक्षय बसोर पिता रामकेत बसोर उम्र 24 वर्ष, जागबली बसोर पिता मंगल बसोर उम्र 34 वर्ष दोनों निवासी गहिलगढ़ पश्चिम एवं अखिलेश पनिका पिता गुलाब प्रसाद पिनिका निवासी नवजीवन बिहार सेक्टर 4 थाना विन्ध्यनगर के रूप में की गई व तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जो घटना घटित करना स्वीकार किये इसके बाद तीनों आरोपियों को आज दिनांक 21.06.2024 को न्यायालय पेश किया गया है।विशेष योगदान निरीक्षक अर्चना द्विवेदी, सहायक उप निरीक्षक रमेश प्रजापति, प्रधान आरक्षक पंकज सिंह, विजय खरे, धर्मेन्द्रि रावत, कृष्णक कुमार पाण्डेंय, राकेश विश्वकर्मा का योगदान रहा।

## नशामुक्ति अभियान की निकाली गई रैली

**सिंगरौली।** योगा दिवस कार्यक्रम के समापन पश्चात राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम से जिला पुलिस बल सिंगरौली द्वारा आयोजित नशा मुक्ति अभियान की रैली को आम जन मानस के जागरूक करने के लिए मध्यप्रदेश शासन की राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह, सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह, देवसर विधानसभा के विधायक राजेन्द्र मेश्राम, प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश के अगुवाई में नशामुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार बर्मा आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 10 वॉ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## जिला प्रशासन व पुलिस जवानों ने किया योगाभ्यास, लोगों को नियमित योग करने के लिए किया जागरूक

**सिंगरौली।** म.प्र. शासन व पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक विश्व एक स्वास्थ्य थीम पर जिला प्रशासन एवं सिंगरौली पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से चुनकुमारी स्टेडियम में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्यमंत्री, श्रीमती राधा सिंह, रामनिवास शाह, विधायक सिंगरौली, राजेन्द्र मेश्राम, विधायक देवसर, चन्द्रशेखर शुक्ला कलेक्टर जिला सिंगरौली, पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता जिला सिंगरौली एवं जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी/कर्मचारी तथा आम जनमानस के लोग उपस्थित उपस्थित रहे। 10 वें अंतर्राष्ट्रीय



योग दिवस के अवसर पर श्रीमती निवेदिता गुप्ता, पुलिस अधीक्षक जिला सिंगरौली द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारी/चौकी प्रभारियो को योग कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया, जिसके तारतम्य में आज प्रात: 06 बजे से समस्त थाना / चौकीयों में योग कार्यक्रम आयोजित किये गये। योग कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी/कर्मचारीयो द्वारा शामिल होकर योगाभ्यास किया गया।

## मोरवा का विस्थापन होने से बड़ी संख्या में लोग होंगे बेरोजगार

### विस्थापन प्रक्रिया में लेट लतीफी से कई लोग परेशान

**सिंगरौली**

एनसीएल द्वारा जयंत एवं दुधीचुआ क्षेत्र के विस्तारीकरण को लेकर मोरवा क्षेत्र का विस्थापन प्रक्रिया में करीब 30 हजार की संख्या में एक बहुत बड़ा विस्थापन होने जा रहा है। जिसके लिए भू- अर्जन की धारा 9 के प्रकाशन के बाद प्रशासन एवं एनसीएल के ढुलमुल रवैया से लोग परेशान दिखाई दे रहे है। वही मोरवा के विस्थापन के बाद पुर्नस्थापना सही ढ़ंग से नही होने पर एक बहुत बड़ी आबादी का रोजगार छिन जाने से बेरोजगार होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। सिंगरौली विस्थापन मंच के वरीष्ठ पदाधिकारी ललित श्रीवास्तव ने जारी बयान में बताया कि मोरवा में धारा 9 प्रकाशन के बाद कोयला मंत्रालय के कोल सचिव श्री मीणा ने सिंगरौली पहुंचकर विस्थापितों के साथ वार्ता करते हुए मोरवा के विस्थापन से होने वाली समस्याओ का आदान प्रदान करते हुए विस्थापितो के प्रति सहानभूति व्यक्त करते हुए कहा कि पुर्नवास स्थल अत्यधिक सुन्दर सर्व सुविधा युक्त इतना व्यवस्थित होगा कि जिस हाल में आप यहॉ रहते है उससे बेहतर स्थित में वहां रहेंगे। विस्थान व्ही एक निश्चित अवधि में हो जोगा। इस बात की संतुष्टी कराने के बाद प्रति माह मिलने वाली एनयूटी राशि 2 हजार को बढ़ाकर दस हजार करने की बात पर उन्होने 2 हजार राशि को को कम मानते हुए 7 हजार कराने का भरोसा दिया था। इसके बाद विस्थापत संघ के साथ एनसीएल ने कई बार बैठक की पुर्नवास स्थल पर बृहद चर्चा करते हुए बताया कि पुर्नवास स्थल पर 40 फुट की सड़क, स्ट्रीट लाईट, नाली एवं अन्य आवश्यकताओ की पूर्ति करने वाली तमाम सुविधाए रहेगी। पुर्नवास स्थल का ब्लूयू प्रिंट बनाकर दिखाया जायेगा जो भारत का सबसे अच्छा पुर्नवास स्थल होगा, स्थल कौन सा होगा की बात पर सीएमडी ने कहा जहां कलेक्टर शासकीय भूमि उपलब्ध करा देंगे। कई स्थानो पर संयुक्त रूप से कलेक्टर एवं सीएमडी पुरे अमले के साथ गये। चर्चा रही की फाइनल होने की स्थति में है शीघ्र डीमांड नोट मिल जायेगा।

## हिंदवी स्वराज्य के 350 वें वर्ष के कार्यक्रम का रामलीला मैदान में सफलता पूर्वक हुआ समापन

### पावन खिंड दौड़ में उत्साह से दौड़े शहरवासी, सम्मिलित प्रतिभागियों का हुआ सम्मान

**सिंगरौली।** 20 जून दिन गुरुवार को छत्रपति शिवाजी द्वारा हिंदवी स्वराज स्थापना के 350 में वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम का पावन खिंड दौड़,अखंड भारत माता की रंगोली,351 दीप प्रज्वलन व भारत माता के महा आरती के साथ रामलीला मैदान पर सफलतापूर्वक समापन हुआ हिंदवी स्वराज स्थापना के 350 में वर्ष के अवसर पर कार्यक्रम पूरे उत्सव के रूप में मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल बिलौंजी से हुई जहां पावन खिंड दौड़ में शामिल होने के लिए भारी तादाद में लोग समय से ही ईकट्ठा होने लगे सबसे पहले अतिथि गणों द्वारा पावन खिंड की मिट्टी के तिलक एवं रोली के बाद भगवा ध्वज लहराकर पावन खिंड दौड़ का



भगवा झंडा दिखाकर एवं पावन खिंड की पवित्र मिट्टी का तिलक लगाकर किया गया।

सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल बिलौंजी का मैदान, उत्साह से लबरेज बच्चे और बड़े चेहरे पर मुस्कान लिए दौडने के लिए तैयार दिखे। भगवा झंडी एवम भिसिल का इशारा मिलते ही वीर शिवाजी के अखंड शौर्य गाथा को बताने के लिए सभी ने पावन खिंड दौड़ शुरू की। शहर की सड़कों पर उनको दौड़ते देख राहगीर भी कुछ देर के लिए ठिठक गए लेकिन जब दौड़ की जानकारी हुई तो उनका सिर भी गर्व से तन गया। ऐसा नजारा हर जगह देखने को मिला जहां से दौड़ में शामिल प्रतिभागी निकले,इस दौड़ में 13 से 90 वर्ष आयु के लोगों ने भाग लिया कार्यक्रम की शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट ऑन रिकॉर्ड अधिवक्ता अश्वनी दुबे ने वीर शिवाजी की गाथा वा पावन खिंड की मिट्टी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भगवा ध्वज एवम भगवा झंडा दिखाकर पावन खिंड दौड़ की शुरुवात कराई वरिष्ठ अधिवक्ता श्री दुबे ने कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर आरडी पांडेय आयोजन प्रमुख जिला संयोजक हिन्दवी स्वराज्य 350वां वर्ष समारोह आयोजन समिति सिंगरौली की खुले मन से सराहना की। पावन खिंड दौड़ में शामिल शहरवासियों में गजब का उत्साह रहा। दौड़ की शुरुआत से पहले अश्वनी दुबेजी ने वीर शिवाजी के शौर्य गाथा बताई।दौड़ में हर आयु वर्ग का व्यक्ति, महिला व बच्चे भी शामिल हुए। यह दौड़ सरस्वती शिशु मंदिर से शुरू होकर ट्रामा चौक,मेन रोड बिलौंजी चौक, सत्य होटल एक्सीलेंस चौक, विवेकानंद चौक, बड़े हनुमानजी महाराज जी तोरणद्वार होते हुए तुलसी मार्ग से रामलीला मैदान पर समाप्त हुई। प्रतिभागियों को जगह जगह जलपान की व्यवस्था की गई थी।अंत में इस पावन खिण्ड दौड़ में भाग लेने बाले सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र द्वारा मंच पर बुलाकर आयोजकों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर लोगों ने भारत माता एवम श्रीमंत योगी छत्रपति शिवाजी महाराज की जय के नारे लगाए। कुल 1021 बच्चे बालक बालिका स्त्री पुरुष दौड़ में सम्मिलित हुए थे रामलीला मैदान में शाम 7¬00 बजे कार्यक्रम का समापन हुआ जहां 351 दीप, अखण्ड भारत माता के रंगोली द्वारा बनाये गए।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

## नियमित योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के साथ उत्तम स्वास्थ्य को बनाये रखने के लिए महत्वपूर्ण है : सांसद

### योग सम्पूर्ण विश्व को भारत की ओर से एक उपहार है : विधायक



**सीधी।** छत्रसाल स्टेडियम सहित जिले के विभिन्न स्थानों में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन छत्रसाल स्टेडियम सीधी में सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य तथा विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल धोटे सहित अन्य अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में युवाओं एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी अपनी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा योग कराया गया तथा योग के महत्व एवं स्वस्थ जीवन में योग अनिवार्यता के संबंध में बताया गया। कार्यक्रम में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास भोपाल में आयोजित ''राज्य स्तरीय योगाभ्यास'' कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का उद्बोधन दिखाया एवं सुनाया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा ''श्रीअन्न संवर्धन अभियान'' का शुभारंभ किया गया।

सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद डॉ. मिश्रा ने कहा कि योग के माध्यम से निरोग रहने के लिए हमारी शारीरिक दक्षता के साथ आहार का भी महत्व है। शरीर के स्वस्थ रहने के लिए अगर कोई रामबाण है तो वह है योग। अगर हम निरंतर योग करें तो शरीर निरोगी रहता है और बुद्धि प्रखर होती है। योग हमारी हजारों साल पुरानी विधा है। हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की पहल के कारण सारी दुनिया योग का लाभ उठा रही है। योग दिवस के साथ-साथ हमें प्रतिदिन योगाभ्यास को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग हमारी भारतीय संस्कृति और सभ्यता की अनमोल देन है और आज वासुधैव कुटुंबकम के मूलमंत्र को साधते हुए हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरे विश्व को योग माला में पिरोने का काम किया है। नियमित योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के साथ उत्तम स्वास्थ्य को बनाये रखने के लिए महत्वपूर्ण है।

विधायक सीधी श्रीमती पाठक ने कहा कि आज हम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। योग शरीर को निरोग बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। योग को अपनाकर अपने शरीर को स्वस्थ रखें। योग सिर्फ एक योगाभ्यास ही नहीं है बल्कि एक जीवन पद्धति भी है। आप सभी जिलेवासियों को योग दिवस की हार्दिक शुभकामनायें। योग हमारी हजारों वर्ष पुरानी विधा होने के साथ कला और संस्कृति का प्रमुख संगम भी है। योग सम्पूर्ण विश्व को भारत की ओर से एक उपहार है, यह स्वस्थ जीवन तथा मन और शरीर के बीच के सही संतुलन की कुंजी है। स्वस्थ शरीर से स्वस्थ विचारों का निर्माण होता है इसलिए रोगमुक्त रहने के लिए योग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में भारत का मान बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से संपूर्ण विश्व ने योग को अपनाया था। विधायक सीधी श्रीमती पाठक द्वारा जिलेवासियों से स्वस्थ एवं निरोगी काया के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की गई है।

इस अवसर पर जनपद पंचायत सीधी के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, अपर कलेक्टर राजेश शाही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, एसडीएम गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित गणमान्य नागरिकों देवकुमार सिंह चौहान, के के तिवारी, जनप्रतिनिधियों, बड़ी संख्या में युवाओं एवं विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक योगाभ्यास किया गया।

# महिला एवं बाल सुरक्षा हेतु तीन नये कानून पर वेबिनार का हुआ आयोजन



**सीधी।** संसद द्वारा तीन नये आपराधिक कानून पारित किए गए हैं जिसमें भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के माध्यम से किये गये नागरिक परिवर्तन कार्य सुधार और विशेषकर महिलाओं व बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव के बारे में जागरूक करने हेतु दिनांक 21.06.2024 को प्रात: 10.30 बजे वेविनार का आयोजन किया गया। विकासखण्ड सिहावल के विभिन्न संकुल स्तरीय संगठन क्रमश: उजाला संकुल स्तरीय संगठन लिलवार, रानीकुमारी संकुल स्तरीय संगठन लौआ, पार्वती संकुल स्तरीय संगठन अमिलिया, नवसृजन संकुल स्तरीय संगठन कुचवाही एवं महाशक्ति संकुल स्तरीय संगठन बहरी के 193 ग्राम संगठन की 2326 स्व सहायता समूह के 33946 सदस्यों को वेविनार के माध्यम से सजीव प्रसारण देखा। इसके साथ ही समता सखी, जेण्डर सखी, पोषण सखी की सक्रिय भूमिका रही। ये नियम 1 जुलाई 2024 से लागू होगा। इसमें समूह संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शासकीय महाविद्यालय मड़वास में मनाया गया 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**सीधी।** शासन के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय मड़वास में 21 जून 2024 को योग दिवस मनाया गया। ज्ञातव्य हो कि हर वर्ष योग दिवस अलग-अलग थींम पर मनाया जाता है। इस वर्ष की समाज को स्वस्थ्य और मजबूत करने की थीम पर आधारित है। योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्रांगण में योग का अभ्यास महाविद्यालय के प्राचार्य की उपस्थिति में किया गया।

योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आई पी प्रजापति ने उपस्थित छात्र/छात्राओं से कहा कि योग से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को कई लाभ मिलते हैं। योग एक अमूल्य प्राचीन भारतीय अभ्यास है। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ राजेश पटेल, डॉ सुरेंद्र गुप्ता, डॉ संगीता मिश्रा, डॉ ज्योति रजक, डॉ दीपक अग्निहोत्री, श्री प्रवीण साकेत, श्री सुंदर लाल प्रजापति सहित महाविद्यालय के छात्र/छात्रायें उपस्थित थे। कार्यक्रम में माध्यमिक बालक शाला मड़वास की सहभागिता विशेष रूप से रही।

# दो दिवसीय पुस्तक मेला का कलेक्टर ने किया शुभारम्भ

उत्कृष्ट विद्यालय क्र 2 में आयोजित हो रहा है पुस्तक मेला

आप खुशियां नहीं खरीद सकते, लेकिन किताब खरीद सकते है, जो आपको अच्छी खुशियां देंगी

विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक खरीद रहे हैं पुस्तकें, यूनीफार्म, कॉपी, स्टेशनरी इत्यादि



**सीधी।** नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 दिनांक 01.04.2024 से शुरू होने से प्रदेश के सभी शासकीय एवं निजी विद्यालयों में नवीन सत्र के लिये पठन-पाठन प्रारम्भ हो गया है। निजी विद्यालयों के लिये स्कूल शिक्षा विभाग का म.प्र. निजी विद्यालय अधिनियम 2017 एवं म.प्र. निजी विद्यालय नियम 2020 प्रभावशील हे जिसमें प्रावधान है कि निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र या अभिभावकों को पुस्तकें, यूनीफार्म, टाई, जूते, कॉपी आदि केवल चयनित विक्रेताओं से क्रय करने के लिये औपचारिक अथवा अनौपचारिक, किसी भी रूप में बाध्य नहीं किया जायेगा। छात्र या अभिभावक इन सामग्रियों को खुले बाजार से क्रय करने के लिये स्वतन्त्र है।

जिला स्तरीय दो दिवसीय पुस्तक मेला का आयोजन दिनांक 21 एवं 22 जून 2024 को शा.उ.मा.वि. क्रमांक-2 सीधी शायं 3 बजे से आयोजित है जिसमें पुस्तकें, स्टेशनरी, यूनीफार्म, आदि के स्टाल स्थानीय प्रकाशकों एवं विक्रेताओं द्वारा लगाये गए हैं। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने पुस्तक मेले का उद्घाटन किया। मेले में नगर के कई गणमान्य नागरिक, विद्यार्थी और अभिभावकों ने मेले में आकर पुस्तकें क्रय किया। मेला में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी एल मिश्रा, डीपीसी राजेश तिवारी, एल के शर्मा, स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# समूह की महिलाओं द्वारा आयोजित किया गया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस



**सीधी।** विकासखण्ड सिहावल अन्तर्गत म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से संबद्ध संकुल स्तरीय संगठन एवं ग्राम संगठनों द्वारा 10वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस ''योग स्वयं एवं समाज के लिये'' थीम पर आयोजित किया गया एवं योग अभ्यास करने के लाभ एवं योग के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

# बिजली कर्मचारियों के साथ अभद्रता की घटनाएँ बढ़ती जा रही हैं

## मुख्यमंत्री समय रहते कदम उठायें अन्यथा स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जायेगी: अजय सिंह



**सीधी।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष और विधायक अजयसिंह ने कहा है कि प्रदेश में माफियाओं द्वारा बिजली चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। बिजली अधिकारियों द्वारा वसूली करने या कनेक्शन काटे जाने पर छुटभैया नेताओं द्वारा अराजकता की जाती है। उनके द्वारा बिजली दफ्तरों में हंगामा किया जाता है। बिजली दफ्तरों में तोड़-फोड़ कर अधिकारियों कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। कभी-कभी तो स्थिति हिंसक हो जाती है। इन घटनाओं से बिजली अमले में भय और रोष है। इन घटनाओं में भाजपा से जुड़े पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के नाम अक्सर समाचारपत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं। विद्युत अधिकारी कर्मचारी संघ ने सरकार से सुरक्षा की मांग की है अन्यथा वे काम का बहिष्कार करेंगे।

अजय सिंह ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से समय रहते वस्तुस्थिति की जानकारी बुलाकर कार्यवाही करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि परिस्थितियां और खराब हों, इसके पहले एक्शन लिया जाना जरूरी है ताकि बिजली अमले का मनोबल बना रहे। उन्हें तत्काल उच्च अधिकारियों की बैठक बुलाकर समस्या का समाधान खोजना चाहिये और विद्युत अमले की सुरक्षा के लिए ठोस नीति लागू करना चाहिये।

सिंह ने कहा कि वे ये सब बातें जबलपुर में हाल ही में हुई घटना के संदर्भ में कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि जबलपुर के विजयनगर में विगत दिवस लोगों ने बिजली दफ्तर में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बिजली बिल को लेकर गाली-गलौच की, धक्का मुक्की करते हुए मारपीट की और तांडव मचाया। घटना का वीडियो सामने आया है। यह कृत्य कुछ अराजक लोगों द्वारा किया गया है जो खुद को जनप्रतिनिधि कह रहे हैं। इसकी शिकायत पुलिस में भी हुई है।

सिंह ने कहा कि प्रदेश भर में भीषण गर्मी है। लगातार विद्युत आपूर्ति की डिमांड बढ़ती जा रही है। कम संसाधन के बाद भी विद्युत कर्मी पूरी लगन और मेहनत के साथ विद्युत आपूर्ति बनाये रखने में पूरा योगदान दे रहे हैं। ऐसे में सरकार का दायित्व है कि परिस्थितियों को बिगड़ने न दे और दोषियों के विरुद्ध निष्पक्ष कार्यवाही की जाये।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय दर्शन योग को दी वैश्विक पहचान : देव कुमार



**सीधी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने स्वयं योग किया और अन्य को भी योग करने के लिए प्रेरित किया। भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर योग का सामूहिक आयोजन कर रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय दर्शन योग को वैश्विक पहचान मिली। दुनिया के 193 से अधिक देशों ने योग को अपनाकर भारत का एवं भारतीय जीवन कार्य पद्धति का लोहा माना है। हम सभी को अपने नियमित दिनचर्या में योग के विभिन्न आयामों को शामिल करना चाहिए, जिसके कारण हमारी काया स्वस्थ्य, सुखद और ओजस्वी हो सके।

# सीएम राइज स्कूल कुसमी में सामूहिक योगाभ्यास का हुआ आयोजन



**सीधी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सीएम राइज स्कूल कुसमी में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हीराबाई सिंह जिला पंचायत सदस्य, ज्ञानेंद्र मिश्र मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुसमी, सोने सिंह नायब तहसीलदार कुसमी, भूपेश कुमार बैस थाना प्रभारी कुसमी, डॉ ए.एच. अंसारी सेवा निवृत्त प्राचार्य, अंगिरा प्रसाद द्विवेदी बीआरसीसी कुसमी, राजेश कुमार पाण्डेय प्राचार्य सी एम राइज स्कूल कुसमी, ललित केवट विंध्य कौटिल्य शिक्षा समिति, पी एल टाड़िया योग शिक्षक, प्रकाश दुबे परामर्श दाता एवं जनपद कुसमी, थाना कुसमी, शिक्षा विभाग तथा अन्य विभागों से आए हुए कर्मचारी योग कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# जिला न्यायालय परिसर में अन्तर्राष्ट्रीय योग शिविर संपन्न

**सीधी।** उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय सीधी अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर न्यायालय परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। श्रीमती रमा जयंत मित्तल विशेष न्यायाधीश सीधी ने योग शिविर में उपस्थित समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं न्यायिक कर्मचारियों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने हेतु प्रेरित किया। उक्त शिविर में जिला न्यायाधीश एवं सचिव श्री वीरेन्द्र जोशी, द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री राजेश श्रीवास्तव, चतुर्थ जिला न्यायाधीश श्री गौतम कुमार गुजरे, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुश्री उर्मिला यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री लक्ष्मण डोडवे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री सोनू जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती शोभना मीणा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती रेनू श्रीवास्तव, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री बाबूलाल सिंह, अधिवक्तागण श्री आशुतोष गुप्ता, श्री भृग किशोर शुक्ला, श्रीमती निशा मिश्रा अधिवक्ता, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री सत्यप्रकाश पाण्डेय, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री ऋषभ सिंह जिला न्यायालय के कर्मचारीगण श्री रमेश द्विवेदी, श्री कमलेश तिवारी, श्री रज्जन कोल, श्री विनोद सिंह चौहान, श्रीमती शीला नारबोदे एवं अन्य सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

योग शिविर में योग गुरू के रूप में जिला अभिभाषक संघ के श्री आशुतोष गुप्ता अधिवक्ता ने उपस्थित लोगों को योग व आसन कराया।

# एसआईटी में अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास संपन्न



**सीधी।** शहर के प्रतिष्ठित एसआईटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन एवं एसआईटी कॉलेज सीधी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग सप्ताह का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी इकाइयों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का 21 जून को विधिवत समापन किया गया। शुक्रवार को कार्यक्रम का शुभारंभ मैनेजिंग डायरेक्टर मिसेस शोभा रेड्डी, मैनेजर अभिषेक सिंह, प्रशासनिक अधिकारी रावेंद्र पांडेय, परीक्षा विभाग हेड प्रो. रजनीश द्विवेदी एवं एसआईटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य आरबी जायसवाल ने आदियोगी भगवान शिव के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित करके किया। विक्रम सिंह स्पोर्ट ऑफिसर हेड मिस्ट्रेस नेहा तिवारी एवं काजल कुंदेर ने सूक्ष्म योग की विभिन्न गतिविधियों का अभ्यास कराया और प्रत्येक दिन योग करने व योग को प्राप्त करने का लक्ष्य बनाने का आह्वान किया। मैनेजिंग डायरेक्टर मिसेस शोभा रेड्डी ने कहा कि हमारे देश की प्राचीन संस्कृति योग अब विश्वभर में फैल चुका है। योग का अर्थ होता है जोड़ना। योगसूत्र में चित्त को एकाग्र करके ईश्वर में लीन करने का विधान है। उन्होंने इस वर्ष के योग दिवस के विषय नारी सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जागरुकता के अभाव में सिर्फ नारों से सशक्तिकरण नहीं होगा। शक्ति को सशक्तिकरण के लिए मन, वचन, कर्म के मंत्र को अपनाना होगा। उन्होंने रामायण के जामवंत व हनुमान संवाद का उदाहरण देते हुए कहा कि शक्ति को शक्ति का अहसास दिलाने की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि वह अपने कर्म में कुशलता प्राप्त करें यही योग का मार्ग है। मैनेजिंग डायरेक्टर मिसेस शोभा रेड्डी ने कहा कि जीवन का प्रत्येक कार्य ही योगमय होना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी संदीप सिंह चौहान एवं विष्णुदत्त त्रिपाठी कार्यक्रम में सम्मिलित रहे साथ ही पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की एवं कार्यक्रम को सफल बनाया। मैनेजर अभिषेक सिंह ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रो. जय सिंह, प्रो. स्वाति शुक्ला, प्रो. पंकज मिश्रा, अभिषेक विश्वकर्मा, शिवेंद्र सिंह, आशीष सिंह, पुष्कल पटेल, सरस्वती मिश्रा, रोहित सिंह, प्रवीण सिंह एवं समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं अन्य कर्मचारी कार्यक्रम में भाग लिए।

## संपादकीय

# स्त्रियों के खिलाफ साल दर साल बढ़े अपराध

पढ़ाई-लिखाई का स्तर ऊंचा उठने, खानपान, फैशन, रहन-सहन आदि मामलों में आधुनिकता बोध पैदा होने के बावजूद स्त्रियों को लेकर भारतीय समाज में पुरुषवादी सत्ता शिथिल नहीं हो पाई है। इसी का नतीजा है कि स्त्रियों के खिलाफ अपराध हर बार बढ़े हुए ही दर्ज होते हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग के पास इस वर्ष अभी तक बारह हजार छह सौ शिकायतें पहुंचीं, जिनमें से ज्यादातर गरिमा के साथ जीने के अधिकार को ध्वस्त करने से संबंधित थीं। उनमें घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, छेड़छाड़, पीछा करने, यौन उत्पीड़न, बलात्कार तथा बलात्कार की कोशिशों की शिकायतें दर्ज कराई गईं। इनमें पांच सौ अठारह शिकायतें ऐसे मामलों में पुलिस की उदासीनता को लेकर भी दर्ज कराई गईं। सबसे अधिक शिकायतें उत्तर प्रदेश से आईं। इससे एक बार फिर तमाम जागरूकता अभियानों, स्त्री और पुरुष में बराबरी की कोशिशों, स्त्री सुरक्षा के उपायों आदि के दावों पर प्रश्नचिह्न लगे हैं। उत्तर प्रदेश में स्त्री सुरक्षा के दावे सबसे ज्यादा बढ़-चढ़ कर किए जाते हैं, मगर स्त्री पर हिंसा की सबसे अधिक शिकायतें वहीं से मिली हैं।दरअसल, स्त्रियों के प्रति अत्याचार का सिलसिला इसलिए नहीं रुकने पा रहा कि आम भारतीय समाज उन्हें सम्मान की नजर से देखता ही नहीं। बेशक कुछ परिवारों में लड़कियों को पढ़ाई-लिखाई, नौकरियों और रोजगार वगैरह में प्रोत्साहन दिया जाने लगा है, मगर विडंबना है कि शिक्षित और नौकरीशुदा महिलाएं भी प्रताड़ना से मुक्त नहीं हो पाई हैं। ऐसी महिलाओं को पुरुष मानसिकता के अलग दुश्चक्र से गुजरना पड़ता है। घरेलू वातावरण में पुरुषवादी अहं का टकराव बड़ी आसानी से हिंसा में परिणत हो जाता है। रोजगार की जगहों पर यौन शोषण और मानसिक उत्पीड़न का जटिल घेरा है, तो समाज के विभिन्न स्तरों पर उसकी आजादी और गरिमा के साथ जीने का अधिकार प्रश्नांकित होते रहते हैं। महिला आयोग जरूर स्त्रियों के खिलाफ हो रहे इन अमानवीय व्यवहारों को लेकर कुछ सख्त कदम उठाते देखे जाते हैं, पर जब शासन के स्तर पर भी महिलाओं को लेकर संकीर्ण नजरिया बना हुआ है, तो उन्हें कितना न्याय मिल पाता होगा, अंदाजा लगाया जा सकता है। जब तक स्त्री को लेकर समाज का मानस नहीं बदलेगा, उसके खिलाफ हिंसा नहीं रुकेगी।

# भारतीय रिजर्व बैंक को अब ब्याज दरों में कटौती के बारे में गम्भीरता से विचार करना चाहिए

(प्रह्लाद सबनानी)

भारत में हाल ही के समय में विभिन्न बैंकों के ऋण में वृद्धि दर 15 से 20 प्रतिशत के बीच बनी हुई है जबकि जमाराशि में वृद्धि दर 10-12 प्रतिशत के बीच बनी हुई है। आज भारत के कई बैंकों का वार्षिक ऋण- जमा अनुपात 100 प्रतिशत के आसपास पहुंच गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार 8वीं बार रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं करते हुए इसे 6.50 प्रतिशत पर ही जारी रखा है। हालांकि, हाल ही में, जून 2024 के प्रथम सप्ताह में सम्पन्न हुई मोनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) की बैठक में दो सदस्यों ने रेपो दर को 25 आधार अंको से घटाकर 6.25 प्रतिशत पर नीचे लाने की सिफारिश की थी। अभी तक मोनेटरी पॉलिसी कमेटी द्वारा लिए गए 48 निर्णयों में से 32 निर्णय सर्वसम्मत आधार पर लिए गए हैं और केवल 16 निर्णयों की स्थिति में ही कुछ सदस्यों द्वारा अपनी अलग राय रखी गई है। और, इस बार भी दो सदस्यों की राय अन्य सदस्यों की राय से कुछ भिन्न रही है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत में मुद्रा स्फीति के सम्बंध में भी अपनी राय प्रकट की है और इसके अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुद्रा स्फीति की दर 4.5 प्रतिशत पर बनी रहेगी और इस वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में मुद्रा स्फीति की दर 4.9 प्रतिशत, द्वितीय तिमाही में 3.8 प्रतिशत, तृतीय तिमाही में 4.6 प्रतिशत एवं चतुर्थ तिमाही में 4.5 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर में खाद्य पदार्थ सामग्री का विशेष योगदान रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। हालांकि, बाजार में खाद्य पदार्थ सामग्री की कीमतें यदि बढ़ती हैं तो इसे ब्याज दर बढ़ाकर अथवा घटाकर प्रभावित नहीं किया जा सकता है क्योंकि खाद्य पदार्थों की कीमतें बाजार में मांग एवं आपूर्ति के आधार पर ही निर्धारित होती हैं। जैसे, सब्जी एवं फलों की आपूर्ति यदि बाजार में कम है और मांग अधिक है तो इन वस्तुओं की कीमतें बाजार में आसमान छूती नजर आती हैं और इन वस्तुओं की बाजार में यदि आपूर्ति बढ़ जाए तो इनकी कीमतें भी कम होने लगती है। अतः ब्याज दरों में वृद्धि अथवा कमी का इन वस्तुओं की कीमतों पर प्रभाव नगण्य सा ही रहता है। कुल मिलाकर, खाद्य पदार्थों की बाजार में आपूर्ति बढ़ाकर ही इन वस्तुओं की मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है। और फिर, भारत में मुद्रा स्फीति की दर भी 4.5 प्रतिशत के आसपास ही बनी रही है जो




मोनेटरी पॉलिसी में वर्णित 2.5 प्रतिशत से 6.5 प्रतिशत के बीच की सीमा के अंदर ही है। बैंक आफ कनाडा, स्विस बैंक एवं स्वीडिश रिस्कबैंक ने भी पूर्व में ही अपने अपने देशों की ब्याज दरों में कमी करने की सिफारिश की है। अतः क्या अब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भी रेपो दर में कमी करने के बारे में विचार नहीं किया जाना चाहिए।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कमी संभवतः अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा फेड दर में कमी को घोषणा के बाद की जाय, क्योंकि यदि भारत रेपो दर में कमी की घोषणा करता है एवं फेडरल रिजर्व फेड दर में कमी नहीं करता है तो इससे अमेरिकी डॉलर के रूप में पूंजी का भारत से पलायन हो सकता है। परंतु, हाल ही के समय में भारतीय अर्थव्यवस्था अपने आंतरिक मजबूती के चलते ही अपने आर्थिक विकास को गति देने में सफल रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था, अन्य देशों के आर्थिक क्षेत्र में हो रहे विभिन्न परिवर्तनों के बावजूद वित्तीय वर्ष 2023-24 में अपने आर्थिक विकास की दर को 8 प्रतिशत से अधिक रखने में सफल रही है। यदि भारतीय रिजर्व बैंक रेपो दर में कमी करता है तो इससे भारत में उद्योग, कृषि एवं सेवा क्षेत्र को वित्त/पूंजी की उपलब्धता कम ब्याज दरों पर होने लगेगी, इससे इन क्षेत्रों में कार्य कर रही इकाईयों की उत्पादन लागत कम होगी एवं इनकी लाभप्रदता में सुधार होगा। जिससे अंततः इन इकाईयों के विस्तार में आसानी होगी। देश में रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित होंने लगेंगे। और फिर, अभी तो भारत के पास 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार भी उपलब्ध है, यदि ब्याज दर कम करने से कुछ विदेशी पूंजी पलायन भारत से अन्य देशों के ओर होता भी है तो (हालांकि इसकी सम्भावना बहुत ही कम है क्योंकि भारत में विदेशी निवेश एवं विदेशी मुद्रा का आंतरिक प्रेषण भी भारी मात्रा में होता दिखाई दे रहा है) यह विदेशी मुद्रा भंडार भारत के आड़े वक्त में काम आएगा।

भारत में हाल ही के समय में विभिन्न बैंकों के ऋण में वृद्धि दर 15 से 20 प्रतिशत के बीच बनी हुई है जबकि जमाराशि में वृद्धि दर 10-12 प्रतिशत के बीच बनी हुई है। आज भारत के कई बैंकों का वार्षिक ऋण- जमा अनुपात 100 प्रतिशत के आसपास पहुंच गया है। इससे विभिन्न बैंकों की तरलता पर दबाव बनता हुआ दिखाई दे रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक को विभिन्न बैंकों की तरलता सम्बंधित समस्याओं को हल करने के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पड़ेगी। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक ने इस संदर्भ में कई प्रयास करना शुरू भी कर दिए हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.20 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। पहिले यह अनुमान 7 प्रतिशत का लगाया गया था परंतु वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 8.20 प्रतिशत की वृद्धि दर को देखते हुए इसमें 20 आधार अंको की वृद्धि की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.3 प्रतिशत, द्वितीय तिमाही में 7.2 प्रतिशत, तृतीय तिमाही में 7.3 प्रतिशत एवं चतुर्थ तिमाही में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। इस वर्ष मानसून भी सामान्य से कुछ अधिक ही रहने की सम्भावना है एवं भारत में 'अल नीनो' के स्थान पर 'ला नीना' का असर होने की प्रबल सम्भावना व्यक्त की गई है। अल नीनो के प्रभाव से सामान्यतः मानसून कमजोर हो जाता है एवं ला नीना के प्रभाव से मानसून मजबूत रहने की सम्भावना बढ़ जाती है। भारत में कृषि क्षेत्र अभी भी मानसून की बारिश पर ही टिका हुआ है, अतः मानसून के दौरान ला नीना के प्रभाव को कृषि क्षेत्र के लिए बहुत अच्छा माना जा रहा है। दूसरे, भारत की अर्थव्यवस्था में मंदिर की अर्थव्यवस्था एवं धार्मिक पर्यटन का सकारात्मक प्रभाव वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी जारी रहेगा। इस मुख्य कारण के चलते, वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यदि यह प्रभाव भी वर्ष 2024-25 के दौरान इसी स्तर पर बना रहता है तो बहुत सम्भव है कि इस वर्ष के दौरान भी भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 8 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर हासिल की जा सके। तीसरे, इस वर्ष अच्छे मानसून के चलते ग्रामीण इलाकों में विभिन्न उत्पादों की मांग में भी वृद्धि होगी और यह कृषि क्षेत्र के साथ ही उद्योग एवं सेवा क्षेत्र को भी गति देने का काम करेगा, और इससे निजी क्षेत्र में निवेश बढ़ने की भी प्रबल सम्भावना रहेगी और अंततः विकास दर 7.2 प्रतिशत के स्थान पर 8 प्रतिशत की रह सकती है।

अतः कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि अब चूंकि मुद्रा स्फीति की दर भारत में लगभग नियंत्रण में है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास की गति को और अधिक तेज करने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कमी करने पर गम्भीरता से विचार किया जाना चाहिए। (लेखक सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक)

# तन के साथ मन को भी स्वस्थ रखता है योग

(योगेश कुमार गोयल)

योग न केवल कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा दिलाने में मददगार साबित होता है बल्कि मानसिक तनाव को खत्म कर आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। दरअसल यह एक ऐसी साधना, ऐसी दवा है, जो बिना किसी लागत के शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों का इलाज करने में सक्षम है।

प्रतिवर्ष 21 जून को दुनियाभर के 170 से भी ज्यादा देश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाते हैं और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लेते हैं। संयुक्त राष्ट्र ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखे गए प्रस्ताव के जवाब में 11 दिसंबर 2014 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना की थी और वैश्विक स्तर पर पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था। इस वर्ष पूरी दुनिया 'स्वयं और समाज के लिए योग' थीम के साथ 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रही है। प्रतिवर्ष यह दिवस मनाने का उद्देश्य योग को एक ऐसे आंदोलन के रूप में बढ़ावा देना है, जो व्यक्ति की तन्यकता को उन्नत करता है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए कल्याण को बढ़ावा देता है। वैसे तो योग को विश्व स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सतत प्रयासों के चलते वर्ष 2015 में अपनाया गया था किंतु भारत में योग का इतिहास सदियों पुराना है। माना जाता रहा है कि पृथ्वी पर सभ्यता की शुरुआत से ही योग किया जा रहा है लेकिन साक्ष्यों की बात करें तो योग करीब पांच हजार वर्ष पुरानी भारतीय परंपरा है। करीब 2700 ईसा पूर्व वैदिक काल में और उसके बाद पतंजलि काल तक योग की मौजूदगी के ऐतिहासिक प्रमाण मिलते हैं।

महर्षि पतंजलि ने अभ्यास तथा वैराग्य द्वारा मन की वृत्तियों पर नियंत्रण करने को ही योग बताया था।



हिंदू धर्म शास्त्रों में भी योग का व्यापक उल्लेख मिलता है। विष्णु पुराण में कहा गया है कि जीवात्मा तथा परमात्मा का पूर्णतया मिलन ही अद्वेतानुभूति योग कहलाता है। इसी प्रकार भगवद्गीता बोध में वर्णित है कि दुःख-सुख, पाप-पुण्य, शत्रु-मित्र, शीत-उष्ण आदि द्वंदों से अतीतय मुक्त होकर सर्वत्र समभाव से व्यवहार करना ही योग है। भारत में योग को निरोगी रहने की करीब पांच हजार वर्ष पुरानी मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक पद्धति के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो भारतीयों की जीवनचर्या का अहम हिस्सा है। सही मायनों में योग भारत के पास प्रकृति प्रदत्त ऐसी अमूल्य धरोहर है, जिसका भारत सदियों से शारीरिक और मानसिक लाभ उठाता रहा है, लेकिन कालांतर में इस दुर्लभ धरोहर की अनदेखी का ही नतीजा है कि लोग तरह-तरह की बीमारियों के मकड़जाल में जकड़ते गए। वैसे तो स्वामी विवेकानंद ने भी अपने शिकागो सम्मेलन के भाषण में सम्पूर्ण विश्व को योग का संदेश दिया था लेकिन कुछ वर्षों पूर्व योग गुरु स्वामी रामदेव द्वारा योग विद्या को घर-घर तक पहुंचाने के बाद ही इसका व्यापक प्रचार-प्रसार संभव हो सका और आमजन योग की ओर आकर्षित होते गए। देखते ही देखते कई देशों में लोगों ने इसे अपनाना शुरू किया। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग का महत्व कई गुना बढ़ गया है।

योग न केवल कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा दिलाने में मददगार साबित होता है बल्कि मानसिक तनाव को खत्म कर आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। दरअसल यह एक ऐसी साधना, ऐसी दवा है, जो बिना किसी लागत के शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों का इलाज करने में सक्षम है। यह मस्तिष्क की सक्रियता बढ़ाकर दिनभर शरीर को ऊर्जावान बनाए रखता है। यही कारण है कि अब युवा एरोबिक्स व जिम छोड़कर योग अपनाने लगे हैं। माना गया है कि योग तथा प्राणायाम से जीवनभर दवाओं से भी ठीक न होने मधुमेह रोग का भी इलाज संभव है। यह वजन घटाने में भी सहायक माना गया है। योग की इन्हीं महत्ताओं को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा से आह्वान किया था कि दुनियाभर में प्रतिवर्ष योग दिवस मनाया जाए ताकि प्रकृति प्रदत्त भारत की इस अमूल्य पद्धति का लाभ पूरी दुनिया उठा सके। यह भारत के बेहद गर्व भरी उपलब्धि रही कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री के इस प्रस्ताव के महज तीन माह के भीतर 177 देशों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति की मोहर लगा दी, जिसके उपरांत संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 11 दिसम्बर 2014 को घोषणा कर दी गई कि प्रतिवर्ष 21 जून का दिन दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 21 जून का ही दिन निर्धारित किए जाने की भी खास वजह रही। दरअसल यह दिन उत्तरी गोलार्ध का पूरे कैलेंडर वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है। इस दिन की तिथि को ग्रीष्म संक्रांति के साथ मेल खाने के लिए बनाया गया था, जो उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है और प्रकाश और स्वास्थ्य का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति के नजरिये से देखें तो ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य दक्षिणायन हो जाता है तथा यह समय आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने में लाभकारी माना गया है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी योग के महत्व को स्वीकारने लगा है। इसलिए स्वस्थ जीवन जीने के लिए जरूरी है कि योग को अपनी दिनचर्या का अटूट हिस्सा बनाया जाए। बहरहाल, योग केवल एक व्यायाम नहीं है बल्कि यह शरीर और मन के साथ-साथ स्वयं को सशक्त बनाने का एक बेहतरीन तरीका है। (लेखक 34 वर्षों से पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## वर्ग पहेली 5408

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | ■ | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | | ■ | 17 | | 18 | ■ | |
| 19 | | 20 | ■ | 21 | | | |
| | ■ | 22 | | ■ | | ■ | |
| 23 | | | ■ | 24 | | | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 2002 को इस देश के गोंजालों लोजाडा नए राष्ट्रपति चुने गए (4)
4. यह पश्चिमी प्रशांत में आर्किपेलोगों है जो 26 द्वीपों और 300 से अधिक आइसलेट्स से बना है जिसकी राजधानी मेलेकि योक है (3)
7. काज, कार्य, कर्म (2)
8. समकोटिय, समतल, समकक्ष (3)
9. एक प्रकार का चंचल पक्षी जो चितकबरा और काला दो प्रकार का होता है (3)
11. बोझा या सामान उठाकर अपनी आजीविका चलाने वाला (2)
12. कोणयुक्त, नागा या अनुपस्थिति (2)
13. कला आदि सिखलाने वाला (2)
14. मिथ्या संवाद, झूठी खबर (2)
16. शतरंजी, बिछाने का मोटा कपड़ा (2)
17. भारत की मुख्य भाषाओं में से एक (3)
19. धातु या मिट्टी आदि को टोंटीदार लोटा जो पूजादि में पयुक्त होता है(3)
21. पाशबद्ध करना, ठिठुरना (4)
22. फटे हुए कपड़े या छेद में तागा भरकर उसे बंद करना (2)
23. नृत्य करना (3)
24. हिमाचल प्रदेश राज्य की पहाड़ियों का एक महत्वपूर्ण पर्वतीय स्थल है (3)

**ऊपर से नीचे**

1. मौन करना, चुप करना (8)
2. दुर्गण, अपभ्रंश, कसर, बिगाड़ (3)
3. एक पहर, तीन घंटे का समय (2)
4. पार्श्वास्थि, गोलाकार अस्थियों का पिंजरा (3)
5. तिब्बत में बौद्धों का धर्माचार्य, वज्राचार्य (2)
6. चूल, रोम, मेष, लोम (2)
10. कथन, भाषण (4)
11. धृतराष्ट्र या दुर्योधन को यह भी कहा जाता था (4)
13. लापता, पलायित, विलब्ध (2)
15. परिधान, वेश, जामा, ड्रेस (4)
18. सही आकार होना, आकार अनुकूल होना (4)
20. न्यौछावर करना, उत्सर्ग करना (3)

### वर्ग पहेली 5407 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | रा | क | ओ | बा | मा | ■ | टो |
| ह | ह | क | र | ना | ■ | रो | ड |
| री | ■ | ह | ■ | ■ | ग | ज | र |
| न | ख | रा | ■ | गु | ग | ना | म |
| ■ | र | ■ | रा | ज | क | म | ल |
| रा | ज | कु | मा | र | ■ | चा | ■ |
| त | ■ | ■ | य | ■ | फि | ■ | आ |
| ना | रा | य | ण | ■ | जी | व | न |

# तानाशाहों की तिकड़ी, किम को मिले दो समर्थक

(उत्कर्ष गहरवार)

उत्तर कोरिया पहुंचने पर पूतिन का जैसा भावपूर्ण स्वागत हुआ और जिस तरह से किम जोंग उन खुद एयरपोर्ट पर उन्हें रिसीव करने के बाद उनके साथ एक ही गाड़ी में गेस्ट हाउस गए, उसे देखते हुए साफ है कि दोनों तरफ से आपसी करीबी को रेखांकित करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी गई।

24 साल के अंतराल के बाद हुई रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन की उत्तर कोरिया यात्रा ने न सिर्फ चौंकाया है बल्कि अंतरराष्ट्रीय हलकों में चिंता भी बढ़ाई है। इस यात्रा से दोनों देशों की करीबी बढ़ने के स्पष्ट संकेत मिले ही हैं, लेकिन ज्यादा बड़ा सवाल यह है कि इस करीबी से किस तरह के तात्कालिक और दूरगामी नतीजे सामने आ सकते हैं।

**यात्रा की टाइमिंग** – पुतिन की यह यात्रा अंतरराष्ट्रीय हलकों में बन रही इस धारणा को गलत साबित करने की कोशिश के रूप में देखी जा रही है कि वह विश्व मंच पर अलग-थलग पड़ते जा रहे हैं। यात्रा ऐसे समय हुई है, जब कुछ ही दिन पहले इटली में त7 देशों की शिखर बैठक हुई और उसके बाद स्विट्जरलैंड में यूक्रेन शांति सम्मेलन में 80 देशों ने साझा बयान के रूप में किए गए शांति प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। हालांकि भारत अपने स्वतंत्र और संतुलित रुख को बरकरार रखते हुए उस प्रस्ताव से अलग रहा।

**स्ट्रैटिजिक पार्टनरशिप** – उत्तर कोरिया पहुंचने पर पूतिन का जैसा भावपूर्ण स्वागत हुआ और जिस तरह से किम जोंग उन खुद एयरपोर्ट पर उन्हें रिसीव करने के बाद उनके साथ एक ही गाड़ी में गेस्ट हाउस गए, उसे देखते हुए साफ है कि दोनों तरफ से आपसी करीबी को रेखांकित करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी गई। यूक्रेन युद्ध जिस तरह से लंबा खिंचता दिख रहा है उसमें उत्तर कोरिया के सहयोग की रूस को सख्त जरूरत भी है। हालांकि दोनों पक्ष हथियारों के आदान-प्रदान की खबरों का खंडन करते हैं, लेकिन दोनों ने कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रैटिजिक पार्टनरशिप समझौता किया है जिसमें पूतिन के ही मुताबिक किसी भी एक देश पर हमला होने की सूरत में 'द्विपक्षीय सहयोग' का वादा है।

**रुख में बदलाव** – लंबे समय से विश्व मंच पर अलगाव झेल रहे उत्तर कोरियाई शासक किम जोंग उन के लिए भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक स्थायी सदस्य रूस की करीबी काफी मायने रखती है। अतीत में रूस नॉर्थ कोरिया के अवैध हथियार कार्यक्रम की संयुक्त राष्ट्र समर्थित जांच और उस पर लगे प्रतिबंधों का समर्थन कर चुका है। लेकिन यूक्रेन युद्ध से उपजी जरूरतों और पश्चिमी देशों से बढ़ती दूरी के मद्देनजर उसके रुख में बदलाव आया है। मार्च में नॉर्थ कोरिया द्वारा सुरक्षा परिषद प्रतिबंधों के उल्लंघन की स्वतंत्र जांच से जुड़े प्रस्ताव को रूस ने वीटो कर दिया।

**किम के मंसूबे** – ऐसे में रूस की ओर से मिलने वाली तकनीकी सहायता उत्तर कोरियाई तानाशाह के मंसूबों को कैसी दिशा देगी, यह सवाल सबके मन को मथ रहा है। ध्यान रहे, अब तक चीन उत्तर कोरिया के समर्थन में खड़ा नजर आने वाला एकमात्र प्रमुख देश रहा है। हालात की मजबूरियों में ही सही, पर तानाशाहों का जैसा गठजोड़ उभरता दिख रहा है, उस पर सतर्क नजर रखने की जरूरत है।

# आज का राशिफल

**मेष**

आज आपके सम्मान में वृद्धि का दिन है। आपको आज कोई लोन ले पाने में सफलता मिलेगी और आपका रुका काम फिर से आरंभ हो जाएगा। पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा एवं अच्छे मित्र भी बढ़ेंगे। आपको ससुराल पक्ष के लोगों से हर प्रकार की मदद मिलेगी। रात का वक्त परिवार के साथ आनंद में बीतेगा।

**वृषभ**

आज का दिन काफी बिजी रहेगी। ज्यादा भागदौड़ के मामले में सावधानी बरतें। अधिक भागदौड़ के कारण आपको चोट लग सकती है। कोई भी काम संभलकर करें। आपको निर्णय लेने की क्षमता का लाभ होगा। रुके हुए कार्य की पूर्ति होगी।

**तुला**

आज का दिन शुभकारक है। आपके अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होने के योग हैं और आपको शुभ लाभ होगा। आज खर्च पर नियंत्रण रखें वरना आपको पैसों की कमी हो सकती है। आज नये कार्यों में इनवेस्ट करना पड़े तो शुभ रहेगा। उम्मीद है। लाभ होगा।

**वृश्चिक**

आज अशांत और परेशान रहेगा। व्यापार में वृद्धि के लिए किए प्रयास निष्फल हो सकते हैं और आपका किसी काम में मन नहीं लगेगा। शाम तक आप अपने धैर्य और प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे।

**मिथुन**

आज हर मामले में संभलकर रहने की सलाह है। आप फिजूल के खर्चे से बचें। यदि आप किसी प्रकार के रोग से पीड़ित हैं तो आज आपको लाभ होगा और आपका कष्ट दूर होगा। सामाजिक कार्यक्रम में कोई बाधा आ सकती है।

**कर्क**

आज का दिन उत्तम रहेगा। आपको परिश्रम करने पर सफलता प्राप्त होगी और भाग्य साथ देगा। अपने बच्चों के प्रदर्शन से आप काफी संतुष्ट रहेंगे और मन प्रसन्न रहेगा। आज ननिहाल पक्ष से आपको हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु**

आज आपको करियर के मामले में सफलता प्राप्त होगी। आपकी विद्या और ज्ञान में वृद्धि होगी। आपके अन्दर दान पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी। आप धार्मिक अनुष्ठानों में रूचि लेकर पूर्ण सहयोग करेंगे। भाग्य की ओर से भी आपको पूर्ण सहयोग मिलेगा, आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

**मकर**

आज आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति होगी। अनावश्यक खर्चे भी सामने आएंगे जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान सम्मान मिलेगा। आपको कारोबार में इजाफा होगा। आपका मन लगेगा और रुके कार्य पूर्ण हो जाएंगे।

**सिंह**

आज का दिन मिश्रित रहेगा और आपको मानसिक अशांति, खिन्नता और उदासीनता की वजह से परेशानी होगी। माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से आपका दिन सुधरेगा और आपको राहत मिलेगी। आज आपको ससुराल पक्ष के लोगों से किसी प्रकार की नाराजगी हो सकती है।

**कन्या**

आज का दिन संभलकर रहने का है। साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को पूरा करने की कोशिश करें तो आपको सफलता प्राप्त होगी। आपको अपने माता-पिता का सुख सहयोग प्राप्त होगा। आज आपके घर के किसी सदस्य के बीमार होने की वजह से आपको परेशानी हो सकती है।

**कुंभ**

आज आप सीमित और आवश्यकतानुसार ही व्यय करें। आप अपने परिजनों के साथ अच्छा वक्त बिताएंगे। सांसारिक सुख भोग, नौकर चाकरों का सुखपूर्ण रूप से मिलेगा। सांयकाल से लेकर रात तक समीप की यात्रा भी हो सकती है, जो लाभकारक रहेगी।

**मीन**

आज करियर के मामले में लाभ होगा। किसी मामले में विवाद का हल निकल आएगा। खुशमिजाज व्यक्तित्व होने के कारण लोग आपसे संबंध बनाने की कोशिश करेंगे। सामाजिक सम्मान मिलने से आपका मनोबल बढ़ा रहेगा। रात में परिवार के लोगों के साथ वक्त अच्छा कटेगा और लाभ होगा।

## संक्षिप्त समाचार



यूरो कप

### स्थानापन्न खिलाड़ी जोविच ने सर्बिया को हार से बचाया, इंजरी समय में दागा गोल, मैच ड्रॉ पर समाप्त

**म्यूनिख, एजेंसी।** अपने पहले मैच में डेनमार्क से ड्रॉ खेलने वाली स्लोवेनिया की टीम अपना अंतिम ग्रुप मैच मंगलवार को इंग्लैंड के खिलाफ खेलेगी, जबकि इसी दिन सर्बिया की भिड़ंत डेनमार्क से होगी। स्थानापन्न खिलाड़ी लुका जोविच के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत सर्बिया ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) में गुरुवार को स्लोवेनिया को 1-1 से बराबरी पर रोका दिया। इसके साथ ही स्लोवेनिया की टीम यूरोपीय चैंपियनशिप में पहली जीत दर्ज करने से भी महरूम रह गई। सर्बिया को अपने पहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। जेन कार्निकनिक ने 69वें मिनट में स्लोवेनिया को बढ़त दिलाई और ऐसा लग रहा था कि टीम ऐतिहासिक जीत दर्ज करने में सफल रहेगी लेकिन जोविच ने इंजरी टाइम में गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया। जोविच के गोल से सर्बिया के दर्शक खुशी से झूम उठे लेकिन उन्होंने मैदान पर चीजें भी फेंकनी शुरू कर दी। गोल होने के बाद खेल शुरू होते ही रेफरी ने मैच खत्म होने का इशारा करने वाली सीटी बजा दी जिसके बाद स्लोवेनिया के खिलाड़ियों के चेहरों पर निराशा साफ देखी जा सकती थी। अपने पहले मैच में डेनमार्क से ड्रॉ खेलने वाली स्लोवेनिया की टीम अपना अंतिम ग्रुप मैच मंगलवार को इंग्लैंड के खिलाफ खेलेगी, जबकि इसी दिन सर्बिया की भिड़ंत डेनमार्क से होगी।

### भारत के अर्जुन बने स्तेपान अवज्ञान मेमोरियल ग्रांड मास्टर शतरंज के विजेता



**जेरमुक ,अर्मेनिया, एजेंसी।** भारत के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी और दुनिया के नंबर चार शतरंज खिलाड़ी अर्जुन एरीगैसी नें अर्मेनिया में सम्पन्न हुए स्तेपान अवज्ञान मेमोरियल ग्रांड मास्टर शतरंज टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया है, अर्जुन नें वैसे तो एक राउंड पहले ही खिताब जीतना सुनिश्चित कर लिया था पर औपचारिक तौर पर अर्जुन नें अंतिम राउंड में मेजबान अर्मेनिया के पेट्रोसियन मेनुएल से ड्रॉ खेलते हुए कुल 6.5 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया , बड़ी बात यह रही ही दूसरे स्थान पर रहे तीनों खिलाड़ी सेवियन सैमुएल , अमीन तबातबाई और बोगदान डेनियल 5 अंक बनाकर अर्जुन से 1.5 अंक पीछे रहे । अर्जुन नें इस टूर्नामेंट के समापन के साथ ही अपनी लाइव रेटिंग को 2778 पर पहुंचा दिया है और अगर अब अर्जुन इस माह कोई और टूर्नामेंट नहीं खेलते है तो 1 जुलाई को वह दुनिया के नंबर चार खिलाड़ी अधिकृत तौर पर बन जाएँगे और विश्वनाथन आनंद के बाद यह रेटिंग अंक हासिल करने वाले दूसरे खिलाड़ी बन जाएँगे ।

इससे पहले स्तेपान अवज्ञान मेमोरियल ग्रांड मास्टर शतरंज के आठवें राउंड में रूस के ग्रांड मास्टर मुरजिन वोलोदर को पराजित करते हुए एक राउंड पहले ही खिताब जीतना तय कर लिया था । अर्जुन नें आज सफ़ेद मोहरो से राय लोपेज ओपनिंग में शानदार एंडगेम दिखाया और मुरजिन को 63 चालों तक चले मुक़ाबले में पराजित किया ।

टी-20 वर्ल्डकप : इंडिया वर्सेस अफगानिस्तान

# 7 रन देकर झटके 3 विकेट फिर भी बुमराह के साथ हुआ अन्याय?



**बारबाडोस, एजेंसी।** रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम अब भी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में एक भी मैच नहीं हारी है। भारत का अभियान ठीक पिछले साल हुए वनडे वर्ल्ड कप की तरह चल रहा है। टीम इंडिया ने 20 जून की रात को सुपर 8 के पहले मुकाबले में अफगानिस्तान को 47 रन से हराया।

भारत की इस जीत में अनुभवी तेज तर्रार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अहम भूमिका निभाई। जस्सी की धारदार गेंदबाजी ने एक बार फिर विरोधियों की लंका लगा दी। लेकिन इतनी शानदार गेंदबाजी करने के बाद भी जस्सी के साथ अन्याय हुआ?

जसप्रीत बुमराह ने अपने 4 ओवर के स्पेल में 1.75 की इकॉनमी से गेंदबाजी करते हुए महज 7 रन दिए और 3 विकेट झटके। इसके अलावा उन्होंने एक ओवर मेडिन भी डाला। जस्सी ने रहमानुल्लाह गुरबाज, हजरतुल्लाह जजई और नजीबुल्लाह जादरान का शिकार किया था। हालांकि इतने शानदार प्रदर्शन के बाद भी बुमराह को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड नहीं मिला।

उनकी जगह सूर्यकुमार यादव को प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया, जिन्होंने 28 गेंद पर आक्रमक 53 रन ठोके थे। देखा जाए तो बल्लेबाजी में सूर्या की पारी और गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह का स्पेल दोनों ही भारत की जीत के लिए अहम थे। लेकिन बुमराह ने जिस तरह से अफगानिस्तान के खिलाफ शुरुआत में प्रेशर बनाया। वो तारीफ के काबिल था। बुमराह भी प्लेयर ऑफ द मैच बनने के उतने ही हकदार थे जितने सूर्यकुमार यादव।

### कुछ ऐसा रहा मैच का हाल

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। ऐसे में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर निर्धारित 20 ओवर में 181 रन ठोक डाले। रोहित शर्मा और विराट कोहली के आउट होने के बाद सूर्यकुमार यादव (53) और हार्दिक पंड्या (32) ने मोर्चा संभाला। अंत में अक्षर पटेल ने भी तेज गति से 12 रन बनाए। अफगानिस्तान की तरफ से राशिद खान ने सर्वाधिक 3 विकेट लिए थे। 182 रन के टारगेट का पीछा करते हुए अफगानिस्तान सिर्फ 134 रन पर ही ढेर हो गई। भारत की तरफ से 3-3 विकेट जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल ने झटके। 2 विकेट कुलदीप यादव को मिली। वहीं एक-एक सफलता अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा के हाथ भी लगी।



# ऑस्ट्रेलिया की इस वर्ल्ड कप में लगातार 5वीं जीत

- बांग्लादेश को DLS मेथड से 28 रन से हराया
- कमिंस की हैट्रिक, वॉर्नर की फिफ्टी

**एंटीगुआ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने ICC टी-20 वर्ल्ड कप के चौथे सुपर-8 मुकाबले में बांग्लादेश को 28 रन से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया की यह इस वर्ल्ड कप में लगातार 5वीं जीत है। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को एंटीगुआ के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। बांग्लादेश ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 140 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया को 141 रन का टारगेट दिया।

जवाब ऑस्ट्रेलिया ने 11.2 ओवर के बाद 2 विकेट के नुकसान पर 100 रन बनाए थे तभी बारिश की वजह से खेल रोक दिया गया। जो बाद में पूरा नहीं हो सका और ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच DLS (डकवर्थ लुईस स्टर्न) मेथड से 28 रन से जीत लिया।

टी-20 वर्ल्डकपः 2024 में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज पैट कमिंस ने हैट्रिक ली है. बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में अपने आखिरी के दो ओवरों में पैट कमिंस ने ये हैट्रिक पूरी की. पैट कमिंस ने महमुदुल्लाह, मेहदी हसन और तौहीद हृदय को आउट कर टी-20 वर्ल्ड कप की अपनी पहली हैट्रिक ली.

बांग्लादेश की इनिंग के18वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर कमिंस ने महमुदुल्लाह, मेहदी हसन का विकेट लिया. जबकि तौहीद हृदय को 20वें ओवर की पहली गेंद पर चलता कर हैट्रिक पूरी की. टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में ली गई ये 7वीं हैट्रिक रही. वहीं, इस कामयाबी के साथ पैट कमिंस टी-20 वर्ल्ड कप कप में हैट्रिक लेने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बन गए.

### पैट कमिंस टी-20 वर्ल्डकप में हैट्रिक लेने वाले 7वें गेंदबाज

टी-20 वर्ल्डकप के इतिहास में हैट्रिक लेने वाले कमिंस दुनिया के 7वें गेंदबाज हैं. सबसे पहले ये कारनामा ब्रेट ली ने किया था. उसके बाद 2021 के टी-20 वर्ल्ड कप में आयरलैंड के कर्टिस कैम्फर ने. 2021 के टी-20 वर्ल्ड कप में ही श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा और साउथ अफ्रीका के कैगिसो रबाडा के भी हैट्रिक देखने को मिले.

कैरन्स कप शतरंज

# भारत की हरिका दूसरे स्थान पर कायम



**सैंट लुईस , यूएसए, एजेंसी।** एक माह बाद होने वाले शतरंज ओलंपियाड के ठीक पहले स्वही भारतीय खिलाड़ी दुनिया भर के महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में खेल रहे है । भारतीय महिला टीम की बेहद महत्वपूर्ण सदस्य ग्रांड मास्टर द्रोणावल्ली हरिका इस समय यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका में चल रहे कैरन्स कप शतरंज के चौंथे संस्करण में दुनिया की नौ अन्य दिग्गज महिला खिलाड़ियों के साथ खेल रही है और राउंड रॉबिन आधार पर हो रहे इस टूर्नामेंट में पाँच राउंड के बाद 3 अंक बनाकर उक्रेन की मारिया मुजयचूक के साथ सयुंक्त दूसरे स्थान पर चल रही है । चीन की तीन ज़्होंगाई 3.5 अंक बनाकर सबसे आगे चल रही है ।

हरिका नें दूसरे राउंड में स्विट्जरलैंड की पूर्व विश्व चैम्पियन अलेक्ज़ेंड्रा कोस्टेनियुक को मात दी थी जबकि अन्य चार मुकाबलों में उन्होने जॉर्जिया की नाना दगनिडजे , यूएसए की एलिस ली ओर इरिना कृश और उक्रेन की मारिया मुजयचूक के साथ बाज़ियाँ ड्रॉ खेली है । वहीं शारजाह मास्टर्स में हुए नुकसान की भरपाई करते हुए उन्होंने अब तक अपनी फीडे रेटिंग में इस टूर्नामेंट में 3 अंको का सुधार किया

### ISSF के कोटा बदलाव को स्वीकार करने के बाद श्रेयसी भारतीय निशानेबाजी टीम से जुड़ीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनुभवी ट्रैप निशानेबाज श्रेयसी सिंह को अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी महासंघ (आईएसएसएफ) द्वारा कोटा बदलाव का आग्रह स्वीकार करने के बाद पेरिस ओलम्पिक के लिए अंतिम 21 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम में जोड़ दिया गया है। भारतीय राष्टीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चूंकि मनु भाकर ने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धाओं दोनों के लिए क्वालीफाई किया है। इन में से एक कोटा स्थान महिला ट्रैप निशानेबाज के लिए निर्धारित है जिससे श्रेयसी को टीम में जगह मिल गयी।

एनआरएआई के महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा,÷हमने आईएसएसएफ से 10 मीटर एयर पिस्टल महिला से एक कोटा स्थान को ट्रैप महिला से बदलने का आग्रह किया था और हमें इसे मंजूर किये जाने पत्र प्राप्त हुआ है।इसके परिणामस्वरूप श्रेयसी सिंह को पहले से प्रकाशित 20 नामों की सूची से जोड़ दिया गया है।

श्रेयसी महिला ट्रैप स्पर्धा में राजेश्वरी कुमारी के साथ शुरुआत करेंगी। टीम में अब राइफल में आठ, पिस्टल में सात और शॉटगन स्पर्धा में छह सदस्य शामिल हैं। मिश्रित स्पर्धाओं को शामिल करते हुए, टीम अब खेल महाकुंभ में 28 जुलाई से शुरुआत करेगी।

# गंभीर से पहले वीवीएस लक्ष्मण बनेंगे टीम इंडिया के हेड कोच? रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच को लेकर इन दिनों चर्चाएं तेज़ हैं. टीम इंडिया इन दिनों टी20 वर्ल्ड कप 2024 खेल रही है. इस विश्व कप के बाद टीम के मौजूदा हेड कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल खत्म हो जाएगा. द्रविड़ के बाद कौन भारतीय टीम का कोच बनेगा? इस बात को लेकर अभी कोई आधिकारिक जानकारी तो सामने नहीं आई है.



लेकिन, मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो गौतम गंभीर का हेड कोच बनना तय है. लेकिन अब सामने आई जानकारी चौंका देने वाली है, जिसमें बताया गया कि गंभीर से पहले वीवीएस लक्ष्मण टीम इंडिया के हेड कोच बनेंगे. बता दें कि टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड 2024 के बाद 5 मैचों की टी20 सीरीज़ के लिए ज़िम्बाब्वे का दौरा करेगी. न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक इस दौरे पर टीम इंडिया के साथ नेशनल क्रिकेट एकेडमी के चीफ वीवीएस लक्ष्मण जा सकते हैं.

अगर गंभीर टीम इंडिया के कोच बनते हैं, तो वह ज़िम्बाब्वे दौरे पर टीम इंडिया के साथ नहीं जाएंगे. हालांकि अभी इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है. बीसीसीआई के एक सोर्स ने बताया, इस बात की संभावना है कि वीवीएस लक्ष्मण एनसीए के कुछ कोच के साथ ज़िम्बाब्वे जाएंगे. जब भी राहुल द्रविड़ और पहली टीम के कोच ने अपने कार्यकाल के दौरान ब्रेक लिया, तब लक्ष्मण और उनकी टीम हमेशा आगे आई.

## हॉकी इंडिया ने प्री-ओलंपिक शिविर के लिए किया भारतीय टीम का किया एलान, स्ट्राइकर दिलप्रीत का कटा पत्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग में सफल प्रदर्शन के बाद लौट रही है। फिलहाल टीम 16 मैचों में 24 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है।

हॉकी इंडिया ने गुरुवार को प्री-ओलंपिक शिविर के लिए 27 संभावित खिलाड़ियों का एलान कर दिया। यह शिविर 21 जून से 8 जुलाई तक यहां एसएआई केंद्र में आयोजित किया जाएगा। ओलंपिक में भारत को बेल्जियम, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। टोक्यो खेलों के कांस्य पदक विजेता 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने ओलंपिक अभियान की शुरुआत करेंगे। भारतीय टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग में सफल प्रदर्शन के बाद लौट रही है।

फिलहाल टीम 16 मैचों में 24 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। कोर ग्रुप में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह,



जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय और आमिर अली शामिल हैं।

मिडफील्डर्स के तौर मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, सुमित, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह, आकाशदीप सिंह और मोहम्मद राहील मौसीन को शामिल किया गया है। वहीं, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, बॉबी सिंह धामी और अरिजीत सिंह हुंडल फॉरवर्ड हैं जिन्हें शामिल किया गया है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फल्टन का मानना है कि दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ प्रो लीग मैच उनके लिए एक शानदार अनुभव था।

उन्होंने कहा, हम इस शिविर में प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण खंड शुरू करना चाहते हैं, और हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि हम पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हों।



# मिचेल स्टार्क बने वर्ल्ड कप के सबसे महान गेंदबाज़, मलिंगा को पछाड़ बना दिया विश्व रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड कप इतिहास के सबसे महाने गेंदबाज़ बन गए. वनडे और टी20 फॉर्मेट के विश्व कप को मिलाकर स्टार्क सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ बन गए. उन्होंने श्रीलंका के पूर्व दिग्गज तेज़ गेंदबाज़ लासिथ मलिंगा को पछाड़ दिया. मलिंगा ने अपने करियर में वर्ल्ड कप खेलते हुए 94 विकेट झटके थे.

अब मिचेल स्टार्क उनसे आगे निकलते हुए 95 विकेट के आंकड़े पर पहुंच गए. ऑस्ट्रेलियाई पेसर ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए मैच में यह ऐतिहासिक आंकड़ा छुआ. टी20 वर्ल्ड कप 2024 का 44वां मैच ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के बीच खेला गया. यह सुपर-8 के चरण का मैच था, जिसमें स्टार्क ने तंज़ीद हसन को बोल्ड कर अपने करियर में विश्व कप का विकेट नंबर 95 चटकाया. स्टार्क ने मैंच के पहले ही ओवर की तीसरी गेंद पर तंजीद को बोल्ड कर दिया था.

स्टार्क ने वर्ल्ड कप में मलिंगा से कम पारियों में सबसे ज़्यादा विकेट लेने का कारनामा किया. मलिंगा ने वर्ल्ड कप की 59 पारियों में में 94 विकेट चटकाए थे, जबकि स्टार्क ने सिर्फ 52 पारियों में 95 विकेट अपने नाम कर लिए. इस लिस्ट में बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन तीसरे नंबर पर हैं. शाकिब ने 75 पारियों में 92 विकेट अपने नाम कर लिए हैं.

### वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज़्यादा विकेट

-मिचेल स्टार्क- 52 पारियां- 95 विकेट
-लासिथ मलिंगा- 59 पारियां- 94 विकेट
-शाकिब अल हसन- 75 पारियां- 92 विकेट
-ट्रेंट बोल्ट- 47 पारियां- 87 विकेट
-मुथैया मुरलीधरन- 48 पारियां- 79 - विकेट
-टिम साऊदी- 47 पारियां- 77 विकेट
-ग्लेन मैक्ग्रा (सिर्फ वनडे वर्ल्ड कप में)- 39 पारियां- 71 विकेट
-मोहम्मद शमी- 32 पारियां- 69 विकेट
-शाहिद अफरीदी- 58 पारियां-69 विकेट
एडम जैम्पा-34 पारियां- 62 विकेट.

अब तक ऐसा रहा मिचेल स्टार्क का व्हाइट बॉल करियर

मिचेल स्टार्क ने अब तक अपने करियर में 121 वनडे और 63 टी20 इंटरनेशनल मैच खेल लिए हैं. वनडे की 121 पारियों में उन्होंने 22.96 की औसत से 236 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका बेस्ट फिगर 6/28 का रहा है. इसके अलावा टी20 इंटरनेशनल की 63 पारियों में 23.88 की औसत से 76 विकेट अपने नाम कर लिए हैं, जिसमें उनका बेस्ट फिगर 4/20 का रहा है.

## संक्षिप्त समाचार

### चीन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी उद्योग की विकास रिपोर्ट जारी



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के थ्येनचिन शहर में गुरुवार को विश्व स्मार्ट व्यवसाय मेला-2024 आयोजित हुआ। मेले में चीन की नई पीढ़ी की कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी उद्योग की वर्ष 2024 विकास रिपोर्ट जारी की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि अब चीन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता उद्यमों की संख्या चार हजार से अधिक हो चुकी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता नए चरण की तकनीकी क्रांति और औद्योगिक परिवर्तन का महत्वपूर्ण प्रेरक शक्ति और रणनीतिक प्रौद्योगिकी बन गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने नवाचार पर निर्भर रहते हुए स्मार्ट चिप्स, बड़े मॉडल, बुनियादी ढांचा और ऑपरेटिंग सिस्टम, टूल चेन, डीप लर्निंग प्लेटफॉर्म और एप्लिकेशन प्रौद्योगिकी समेत कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी व्यवस्था, औद्योगिक नवाचार पारिस्थितिकी और उद्यम गठबंधन स्थापित किया है। औद्योगिक व्यवस्था को नया आकार देने और नवीन औद्योगीकरण को बढ़ाने में इसकी समर्थन की भूमिका दिख रही है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में चीन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कोर उद्योग का पैमाना 5 खरब 78 अरब 40 करोड़ युआन रहा, जिसकी वृद्धि दर 13.9 प्रतिशत है। योजना है कि वर्ष 2027 तक सालाना आय 2 करोड़ युआन से अधिक वाले राजकीय औद्योगिक उद्यमों में डिजिटल अनुसंधान और डिजाइन उपकरणों की प्रवेश दर 90 प्रतिशत से अधिक होगी।

### ऑस्ट्रेलिया में सख्त नियंत्रण के बावजूद बर्ड फ्लू का प्रकोप बढ़ा, मारे जाएंगे 10 लाख पक्षी

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में मई में शुरू हुआ बर्ड फ्लू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। मेलबर्न के सातवें विक्टोरियन फार्म में वायरस का पता चलने के बाद देश इस वायरस के सबसे बड़े प्रकोप का सामना कर रहा है। यह प्रकोप मई में शुरू हुआ और सख्त नियंत्रण उपायों के बावजूद फैलता रहा। सभी प्रभावित फार्मों में या तो एच7एन3 या एच7एन9 स्ट्रेन हैं, जो अमेरिका में मवेशियों और पक्षियों को प्रभावित करने वाले एच5एन1 प्रकार के बर्ड फ्लू से अलग हैं। सातवें विक्टोरियन फार्म में बर्ड फ्लू का पता चलने के बाद 10 लाख से ज्यादा पक्षियों को मार दिया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया में बर्ड फ्लू का सबसे बड़ा प्रकोप भयावह साबित हुआ है। विक्टोरियन अधिकारियों ने पुष्टि की है कि वायरस के प्रसार को रोकने के लिए 1 मिलियन यानि 10 लाख से अधिक पक्षियों को मारा जाएगा। दक्षिण-पश्चिम विक्टोरिया के सात फार्मों में एवियन इन्फ्लूएंजा के अत्यधिक रोगजनक उपभेद पाए गए हैं, जिससे सैकड़ों हज़ारों पक्षी प्रभावित हुए हैं। यह प्रकोप मई में मेरेडिथ के पास एक अंडा फार्म से शुरू हुआ था, और इस क्षेत्र में फैलता रहा है क्योंकि स्थानीय किसान ऑस्ट्रेलिया की कठोर वास्तविकता का सामना कर रहे हैं।

### उत्तर कोरिया को हथियार दे सकता है रूस - पुतिन

**हनोई, एजेंसी।** पश्चिमी देशों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को संकेत दिया कि जैसे अमेरिका और अन्य देश यूक्रेन को हथियार दे रहे हैं, उसी प्रकार उनका देश भी उत्तर कोरिया और दूसरे देशों को लंबी दूरी की मिसाइलें व अन्य हथियार दे सकता है। उत्तर कोरिया की यात्रा के बाद वियतनाम पहुंचे पुतिन ने मीडियाकर्मियों से कहा, हम उत्तर कोरिया सहित अन्य देशों को हथियार देने की संभावना से इनकार नहीं करते हैं। वह पश्चिमी देशों के विरोधियों को मिसाइल प्रदान करने के अपने बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। पुतिन ने कहा कि रूस भी पश्चिमी देशों की तरह अपने अधिकार को सुरक्षित रखना चाहता है। वह पश्चिमी देशों के विरोधियों को हथियार प्रदान करने के लिए स्वतंत्र है। नैतिक रूप से कोई अन्य देश इस पर उंगली नहीं उठा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि मास्को परमाणु हथियारों के उपयोग पर अपने सिद्धांत में संशोधन पर विचार कर रहा है, क्योंकि पश्चिम परमाणु सीमा को कम करने के लिए कम-क्षमता वाले हथियारों पर काम कर रहा है। पिछले सप्ताह यूक्रेन को पेश की गई शांति शर्तों के बारे में पूछे जाने पर, पुतिन ने कहा कि रूस हमेशा बातचीत के लिए तैयार रहा है, जबकि कीव और उसके पश्चिमी समर्थकों ने मिन्स्क प्रक्रिया और इस्तांबुल वार्ता दोनों को नष्ट कर दिया। रूसी राष्ट्रपति ने शांति वार्ता के लिए शर्तें रखी थीं, इसमें यूक्रेन द्वारा डोनबास और दो अन्य क्षेत्रों से अपने सैनिकों को हटाना और नाटो में शामिल न होने का आश्वासन देना शामिल था।

### बच्चों की देखभाल और उवल भविष्य की कामना को समर्पित दिन

**बीजिंग, एजेंसी।** चाइना चिल्ड्रेन एंड टीनएजर्स फाउंडेशन ने 22 जून 2002 को रचनात्मक रूप से एक बड़े पैमाने पर सामाजिक कल्याण कार्यक्रम चीन बाल चैरिटी दिवस प्रस्तुत किया, जिसका उद्देश्य बच्चों के मुद्दों पर समाज का ध्यान आकर्षित करना और बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य कार्य का समर्थन करने के लिए धन जुटाना है। इस वर्ष का चीन बाल चैरिटी दिवस निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आ रहा है। इस दिन में चीन भर में बड़े शहरों से लेकर दूरदराज के गांवों तक विभिन्न प्रकार की चैरिटी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी और अनगिनत हृदयस्पर्शी कहानियां देखी जाएंगी।

# सऊदी अरब में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी, अब तक 1000 से अधिक हज यात्रियों की मौत

**मक्का, एजेंसी।** सऊदी अरब में भीषण गर्मी के बीच इस साल हज यात्रा के मरने वालों की संख्या 1000 के पार पहुंच गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब के मक्का में भीषण गर्मी के कारण इस साल हज के दौरान 1,000 से ज़्यादा तीर्थयात्रियों की मौत हो गई है। मक्का में तापमान 49 डिग्री सेल्सियस (120 डिग्री फ़ारेनहाइट) तक पहुंच जाने के कारण हजारों लोगों को हीटस्ट्रोक का इलाज भी कराया जा रहा है। मरने वालों में आधे से ज़्यादा तीर्थयात्री अपंजीकृत थे। एक अरब राजनयिक के अनुसार, मिस्र से आए लगभग 658 तीर्थयात्री मारे गए हैं। इनमें से 630 अपंजीकृत तीर्थयात्री थे।



कई तीर्थयात्रियों के लापता होने की भी खबर है। फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया नेटवर्क पर लापता लोगों की तस्वीरें और जानकारी के लिए अनुरोधों की बाढ़ आ गई है। सऊदी सरकार के अनुसार, इस साल हज में 1.8 मिलियन से अधिक लोग हिस्सा ले रहे हैं, जो दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समारोहों में से एक है। एहतियाती उपायों के तहत, हज अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों से छाते साथ रखने और हाइड्रेटेड रहने को कहा है।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी सेना ने हीटस्ट्रोक पीड़ितों की देखभाल के लिए चिकित्सा इकाइयों के साथ 1,600 से अधिक कर्मियों और 30 त्वरित प्रतिक्रिया टीमों को तैनात किया है। अन्य 5,000 स्वास्थ्य और प्राथमिक चिकित्सा स्वयंसेवकों को भी तैनात किया गया है। पिछले साल, केवल 240 तीर्थयात्रियों की मृत्यु की सूचना मिली थी, जिनमें से अधिकांश इंडोनेशियाई थे। सोमवार को, राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने मक्का में ग्रैंड मस्जिद में 51.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया। अध्ययनों से पता चला है कि इस क्षेत्र में तापमान हर दशक में 0.4 डिग्री सेल्सियस बढ़ रहा है। सर्बिया में तो डॉक्टरों का कहना है कि हार्ट और गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित लोगों की संख्या में 109 गुना का इजाफा हुआ है। यूरोप में भी गर्मी का खूब असर दिख रहा है। यहां गर्मी के चलते पर्यटकों की संख्या में कमी आई है। अमेरिका में करीब 8 करोड़ लोगों को अलर्ट जारी किया गया है। कई राज्य भीषण गर्मी की चपेट में हैं। इसके अलावा पड़ोसी देश मेक्सिको में भी गर्मी से बुरा हाल है। न्यूयॉर्क में तो पहली बार कूलिंग सेंटर खोले जा रहे हैं ताकि लोगों को चिलचिलाती गर्मी से कुछ राहत दी जा सके। ऐरिजोना में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया। आमतौर पर यहां इतना तापमान नहीं हुआ करता।

**मेक्सिको, अमेरिका और यूरोप में गर्मी से मौतें :** इस साल मेक्सिको में गर्मी से अब तक 125 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा 2300 से ज्यादा लोगों को हीटस्ट्रोक के चलते बीमार होना पड़ा है। यूरोपियन यूनियन की क्लाइमेट मॉनिटरिंग सर्विस का कहना है कि बीते 12 महीनों का यदि डेटा देखा जाए तो ऐसी गर्मी कभी नहीं पड़ी थी। फिलहाल वैज्ञानिक इस बात का भी अध्ययन कर रहे हैं कि इतनी भीषण गर्मी की वजह ग्लोबल वार्मिंग ही है या इसकी कुछ और वजह है। बता दें कि कार्बन उत्सर्जन को भी गर्मी बढ़ने की एक बड़ी वजह माना जाता है। हज यात्रा दौरान सऊदी में मरने वाले जायरीनों में 35 पाकिस्तानी सऊदी अरब में इस वर्ष भीषण गर्मी के कारण हज यात्रा के दौरान दुनिया भर से आए 1000 से अधिक हज यात्रियों की मौत हो गई, जिनमें कम से कम 35 पाकिस्तानी तीर्थयात्री शामिल हैं। सरकार ने इसकी पुष्टि की है। पाकिस्तान के धार्मिक मामलों के मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि इस वर्ष अत्यधिक गर्मी और खराब मौसम के कारण हज यात्रा चुनौतीपूर्ण थी, तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा था। सऊदी अरब के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि सोमवार को मक्का की मस्जिद-ए-हरममें तापमान 51.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। पाकिस्तान हज मिशन के महानिदेशक अब्दुल वहाब सूमरो ने बुधवार को बताया कि खबर के अनुसार 18 जून तक कुल 35 पाकिस्तानी हज यात्रियों की मौत हुई हैं। डॉन अखबार में सूमरो के हवाले से कहा गया कि मक्का में 20, मदीना में छह, मीना में चार, अराफात में तीन और मुजदलिफा में दो लोगों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि सऊदी सरकार ने हरमैन में दफनाने की व्यवस्था की है और अगर कोई पाकिस्तानी हजयात्री मांग करे तो उसके शव को उसके उत्तराधिकारियों के माध्यम से वापस देश भेजने के भी प्रबंध किए गए हैं।

## यूक्रेन का समर्थन करना शिक्षक को पड़ा भारी, रूस ने देशद्रोह का दोषी ठहराकर 20 साल के लिए भेजा जेल

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस की एक सैन्य अदालत ने एक शिक्षक को 20 साल जेल की सजा सुनाई है। उन्हें यूक्रेन को पैसे भेजने के लिए देशद्रोह के आरोप में सजा दी गई है। गौरतलब है, मॉस्को ने फरवरी 2022 में अपने पश्चिमी समर्थक पड़ोसी कीव के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया था। इसके बाद से यूक्रेन के प्रति हमदर्दी या कथित समर्थन करने वालों पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। इसके चलते हजारों लोगों को जेल में डाला गया या जुर्माना लगाया गया है।

**ऐसे काटेंगे सजा :** एक अधिकारी ने बिना नाम उजागर किए गुरुवार को बताया कि 27 वर्षीय डेनियल क्लियुका को पांच साल जेल में और 15 साल सख्त शासन वाली दंड कॉलोनी में बिताने होंगे। यह फैसला बुधवार को सुनाया गया था। शिक्षक पर देशद्रोह और आतंकवादी गतिविधियों के प्रति समर्थन देने का आरोप लगा था।

**यह लगा आरोप :** रूसी मीडिया का कहना है कि क्लियुका ने कथित तौर पर यूक्रेनी फंड जिंदा वापस आओ के लिए 20 हजार से एक लाख रूबल के बीच भेजे। बता दें यह फंड यूक्रेन की सेना के लिए धन एकत्र करता है। अभियोग के अनुसार, क्लियुका ने यूक्रेन की अजोव रेजिमेंट को पैसे भेजने की भी योजना बनाई, जिसे रूस ने आतंकवादी संगठन के रूप में वर्गीकृत किया है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि क्लियुका को ट्रायल के दौरान दोषी ठहराया गया। उसे फरवरी 2023 में मॉस्को के दक्षिण में लिपेत्स्क क्षेत्र में गिरफ्तार किया गया था।

**साथ काम करने वालों ने फंसाया :** एक टेलीग्राम समूह के अनुसार, क्लियुका ने कहा कि उन्होंने क्रेमलिन समर्थक अखबार में दिखाए गए कुछ लोगों के मूंह पर सींग, दाढ़ी और मूंछें बनाने के बाद गिरफ्तार किया गया था। दरअसल, रूस द्वारा यूक्रेन पर हमला शुरू किए जाने के बाद क्लियुका के स्कूल के सहकर्मचारियों ने अखबार पर चित्रों को देखा और उनकी शिकायत कर दी थी, जिसके बाद उन्हें बर्खास्त कर दिया गया। क्लियुका ने कहा, मैंने सिर्फ अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए रेखाचित्र बनाए थे। मगर सहकर्मियों ने एफएसबी सुरक्षा सेवा को बुलाया और उन्हें अखबार पकड़ा दिए। अधिकारियों से कहा कि मुझे विस्फोटकों में दिलचस्पी है। उन्होंने आगे कहा कि यूक्रेन के कब्जे वाले लुगांस्क क्षेत्र में रहने वाले रिश्तेदारों को उन्होंने पैसे भेजे थे।

## यूक्रेन को मिली बड़ी राहत, अब अमेरिकी हथियारों की मदद से रूस में घुसकर जवाब देगा कीव

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** रूस-यूक्रेन युद्ध दो साल से ज्यादा समय से जारी हैं। दोनों में से कोई भी देश हथियार डालने के लिए नहीं मान रहा है। इस जंग के चलते रूस और अमेरिका के रिश्तों में भी तनाव आ गया है। वॉशिंगटन लगातार कीव की मदद कर रहा है। अब एक मीडिया रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि बाइडन प्रशासन ने यूक्रेन को रूसी बलों पर कहीं भी अमेरिका द्वारा आपूर्ति किए गए हथियारों का इस्तेमाल कर हमला करने की इजाजत दी है। अमेरिका ने कहा है कि यूक्रेन की सेना सिर्फ खार्किव के पास के क्षेत्र से ही नहीं बल्कि सीमा पार से भी हमला कर सकती है। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि यह रुख अमेरिका द्वारा कीव को रूस के अंदर हमला करने के लिए चुपचाप हरी झंडी दिए जाने के कुछ सप्ताह बाद सामने आया है, जो कि खार्किव शहर पर सीमा पार से हुए हमले का जवाब है। हालांकि, उस उस समय अधिकारियों ने यह जोर देकर कहा था कि इस बदलाव का मतलब नीतियों में बदलाव से नहीं है। नीति खार्किव क्षेत्र तक सीमित है। तब से, यूक्रेनी सेना ने कम से कम एक बार रूस में हमला करने के लिए अमेरिकी हथियारों का इस्तेमाल किया है। बेलगोरोड शहर में लक्ष्यों को नष्ट कर दिया है और रूसी हमले को कड़ी टक्कर देने का प्रबंध किया है।

# दुनिया पर चढ़ा योग का खुमार: अमेरिका में भी उत्साह, न्यूयॉर्क के टाइम्स स्कायर पर हजारों लोगों ने किया योग

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** देश से लेकर विदेश तक 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उत्साह देखा जा रहा है। अमेरिकी शहर न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर भी योग को लेकर लोगों में एक अलग ही उत्साह देखते बन रहा है। यहां हजारों योग प्रेमी जमा हुए हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर यहां पूरे दिन कार्यक्रम चलने वाले हैं। हर साल 21 जून को लोग योग का अभ्यास करने के लिए उत्सुक होते हैं। ऐसे में न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने टाइम्स स्क्वायर के साथ एक साझेदारी की। इस साझेदारी के साथ ही गुरुवार को टाइम्स स्क्वायर पर विशेष योग सत्रों का आयोजन किया गया।

**भीषण गर्मी के बीच उत्साह :** हालांकि, न्यूयॉर्क में भीषण गर्मी पड़ रही है, इसके लिए चेतावनी भी जारी की गई है। दिन के समय यहां का तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इतनी प्रचंड गर्मी के बावजूद योग के प्रेमियों का उत्साह कम नहीं हुआ। सभी राज्यों और क्षेत्रों से लोग सुबह-सुबह ही यहां पहुंच गए और योग करने के लिए मैट बिछा लिए।

**दो दशकों से अधिक का अनुभव :** योग प्रशिक्षक और श्वास ध्यान शिक्षिका ऋचा ढेकने ने न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित योग और ध्यान सत्र का नेतृत्व किया। बता दें आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की स्वयंसेवक के रूप में ढेकने को दो दशकों से अधिक का अनुभव है। कई अन्य योग शिक्षकों और विशेषज्ञों ने भी टाइम्स स्क्वायर पर पूरे दिन अलग-अलग तरीके के ध्यान, व्यायाम और श्वास से जुड़े योग कराए। दिनभर चली गतिविधियों में हजारों



लोगों ने भाग लिया।

**करीब आठ हजार से 10 हजार प्रतिभागी आए:** वहीं, न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत बिनय श्रीकांत प्रधान ने कहा कि जैसा कि आप देख सकते हैं कि यहां कई देशों से आए योग प्रतिभागी मौजूद हैं और यह आज पूरे दिन चलने वाला है। उन्होंने कहा कि यहां करीब आठ हजार से 10 हजार प्रतिभागियों के योगाभ्यास करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, मुझे वाकई खुशी है कि इस साल योग दिवस की थीम स्वयं और समाज के लिए योग है। मुझे यकीन है कि यह आज यहां और अमेरिका के अन्य विभिन्न हिस्सों में भाग लेने वाले सभी लोगों को प्रेरित करेगा। सात योग सत्र आयोजित हुए भारत के महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस दौरान सात योग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विभिन्न देशों के लगभग 10,000 लोगों ने भाग लिया। प्रधान ने प्रतिभागियों का अभिवादन किया और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग के फायदों के साथ ही प्रकृति के साथ सद्भाव को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ प्रवासी भारतीयों के सदस्यों ने भी योग सत्र में भाग लिया।

# हमास को खत्म करना नामुमकिन, इजरायली सेना ने नेतन्याहू को दे दी टेंशन

**येरुशलम, एजेंसी।** गाजा में युद्धविराम को लेकर अब इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और सेना के बीच अनबन की खबरें सामने आ रही हैं। एक तरफ नेतन्याहू का कहना है कि जब तक हमास का पूरी तरह खात्मा नहीं हो जाएगा, गाजा में युद्ध नहीं रुकेगा। वहीं इजरायली डिफेंस फोर्स के अधिकारियों का कहना है कि हमास को खत्म करना नामुमकिन है। बता दें कि नेतन्याहू ने कई बार कहा है कि हमास को खत्म करना ही उनका लक्ष्य है। हालांकि उन्होंने यह कभी स्पष्ट नहीं किया कि हमास के खात्म के बाद गाजा पर किसका अधिकार होगा।

इजरयाली सेना के प्रवक्ता रियर ऐडमिरल डेनियल हागरी ने बुधवार को एक चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि हमास को कभी खत्म नहीं किया जा सकता। यह एक विचारधारा है। जो लोग सोचते हैं कि यह एकदम से खत्म हो जाएगा, वे गलत हैं। उन्होंने कहा, हम केवल यही कर सकते हैं कि हमास को रिप्लेस किया जाए जो कि



गाजा पट्टी में अधिकार करे। लेकिन यह कौन हो सकता है? यह फैसला राजनीतिक नेतृत्व को ही करना है। इस बयान के बाद नेतन्याहू के कार्यालय की तरफ से भी बयान जारी किया गया और कहा कि गाजा में युद्ध तभी खत्म होगा जब हमास पूरी तरह नेस्तनाबूत हो जाएगा। पूर्ण विजय ही युद्धविराम का रास्ता है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कार्यालय की तरफ से कहा गया कि हमास की सैन्य और प्रशासनिक क्षमताओं को नष्ट करना ही हमारा लक्ष्य है और आईडीएफ भी इसके लिए प्रतिबद्ध है। आईडीएफ ने हागरी के बयान पर टिप्पणी ना करते हुए कहा कि वॉर कैबिनेट ने जो भी लक्ष्य तय किए हैं उनको हासिल करने के लिए सेना प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने कहा कि सेना को डर है कि अगर गाजा में राजनीतिक रणनीति नहीं बनाई गई तो हमास एक बार फिर सिर उठा लेगा। बता दें कि वॉर कैबिनेट के एक सदस्य ने इसी मामले को लेकर इस्तीफा भी दे दिया था। उनका कनहा था कि युद्ध के बाद की भी रणनीति तैयार करनी चाहिए। गुरुवार क पिव रिसर्च सेंटर द्वारा पब्लिश की गई एक सर्वे में कहा गया कि इजरायल की जनता को सरकार से ज्यादा सेना में भरोसा है। वहीं सर्वे में पाया गया है कि इजरायल के यहूदियों को नेतन्याहू से ज्यादा भरोसा रक्षा मंत्री गैलेंट में है। बता दें कि बीते 8 महीने से जारी युद्ध में गाजा पट्टी में 37 हजार से ज्यादा लोग मारे गए हैं। 7 अक्टूबर को हमास के इजरायल में हमले के बाद यह युद्ध शुरू हुआ था। गाजा में मासूमों की मौत को लेकर नेतन्याहू सरकार की आलोचना हो रही है।

## ट्रंप का चुनाव से पहले बड़ा वादा- अमेरिका से स्नातक करने वाले विदेशी छात्रों को मिलेगा ग्रीन कार्ड

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को सुझाव दिया कि जो विदेशी छात्र अमेरिका से स्नातक की पढ़ाई करते हैं, उन्हें अपने आप अमेरिका में रहने और काम करने के लिए ग्रीन कार्ड मिल जाना चाहिए। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को दुनिया के बेहतरीन दिमाग वाले लोगों को यहां रोकने की जरूरत है। जो लोग यहां रुकना चाहते हैं और उनके पास कोई अच्छी योजना है, जिससे देश को फायदा हो सकता है तो उन्हें यहां रोकना चाहिए।

**डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा वादा :** दरअसल एक पॉडकास्ट के दौरान कई उद्यम पूंजीदाताओं के साथ बातचीत के दौरान डोनाल्ड ट्रंप से सवाल किया गया कि हम कैसे दुनियाभर के बेहतरीन दिमाग को अमेरिका ला सकते हैं? इसके जवाब में ट्रंप ने कहा कि अगर आप (विदेशी छात्र) किसी कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल करते हैं तो आपको अपने आप ही इस देश में रहने के लिए ग्रीन कार्ड मिल जाना चाहिए। इसमें जूनियर कॉलेज भी शामिल हैं। ट्रंप ने कहा कि मैं कई ऐसी कहानियां जानता हूं, जहां लोगों ने हमारे देश के शीर्ष कॉलेजों से स्नातक की डिग्री ली और वो हमारे देश में रहने के इच्छुक थे और उनके पास बेहतरीन बिजनेस आइडिया था, लेकिन वे यहां रह नहीं सके। अगर कोई यहां से पढ़ाई करता है, लेकिन वह किसी कंपनी के साथ सिर्फ इसलिए डील नहीं कर सकता



क्योंकि वह यहां रहने में सक्षम नहीं है तो यह उनके राष्ट्रपति बनने के बाद पहले दिन से यह खत्म होगा। डोनाल्ड ट्रंप जो वादा कर रहे हैं, अगर वह उसे पूरा करते हैं तो यकीनन इस फैसले का भारतीयों को सबसे ज्यादा फायदा होगा क्योंकि अमेरिका में हर साल लाखों की तादाद में भारतीय छात्र पढ़ते हैं। उल्लेखनीय है कि ट्रंप जहां एक तरफ अमेरिका से स्नातक करने वालों को अमेरिका की नागरिकता देने की बात कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ ट्रंप का अप्रवासियों के खिलाफ रवैया सख्त रहा है। वह अवैध अप्रवासन के मुद्दे पर काफी मुखर रहे हैं और मौजूदा बाइडन सरकार पर अवैध अप्रवासियों को रोकने में नाकाम रहने का आरोप लगा चुके हैं। ट्रंप जन्म से ही नागरिकता देने के नियम को भी खत्म करने की बात कह चुके हैं। साथ ही उन्होंने कहा था कि अगर वह फिर से राष्ट्रपति चुने गए तो वह बड़े पैमाने पर अप्रवासियों को देश से बाहर निकालेंगे।

# नकली ब्रांड पहनकर अमरीका जाना हुआ मुश्किल, एयरपोर्ट पर ही जब्त कर लिए जाते हैं कपड़े और जूते

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अगर आप किसी ब्रांड के डुप्लिकेट कपड़े या जूते पहने कर अमरीका के एयरपोर्ट पर पहुंचते हैं, तो आपको दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। यू.एस. कस्टम एंड प्रोटेक्शन (सी.बी.पी.) नियमों के तहत प्यूमा, एडिडास या नाइक जैसे ब्रांड की नकली वस्तुओं को अमरीकी सीमा शुल्क अधिकारी जब्त कर सकते हैं। यही नहीं आप पर केस भी दर्ज हो सकता है।

**नकली सामान की तस्करी पर नकेल कसने की मुहिम :** दरअसल अमरीका के कस्टम अफसरों ने नकली सामानों की तस्करी का सुपरविजन यानी निगरानी बढ़ा दी है। इसी के तहत हाल के महीनों में अमरीका में उड़ान भरने वाले कई भारतीय छात्रों और यात्रियों से कई महंगी लग्जरी आइटम जब्त कर लिए गए। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अगर लोग नकली सामान के साथ किसी एयरपोर्ट पर पहुंचते हैं तो उनका सामान कूड़ेदान में फेंक दिया जाता है। सी.बी.पी. के नियम तो कहते हैं कि आप किसी भी तरह की नकली वस्तु जैसे एक शर्ट, हैंडबैग, या जूते ले जा सकते हैं बशर्ते वह व्यक्तिगत उपयोग यानी खुद आपके इस्तेमाल के लिए हो, ना कि बेचने या कमर्शियल इस्तेमाल के लिए हों। अधिक संख्या में हर चीज पर अधिकारियों की पैनी नजर रहती है और वे शक के आधार पर पूछताछ के बाद यह फैसला लेते हैं कि इस सामान का करना क्या है।

**झारखंड के टीचर का जब्त कर लिया 30 हजार का सामना :** झारखंड के जमशेदपुर के एक स्कूल टीचर के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि जब वह अपने बेटे से मिलने के लिए अमरीका पहुंचा तो उसके पास आठ शर्ट, चार पतलून, कुछ मोजे और एक जोड़ी जूते थे। टीचर ने बताया कि पोर्ट पर अधिकारियों ने मेरे बैग की



जांच की और मुझसे कई सवाल किए कि मैं कहां से यात्रा कर रहा था, सामान किसके लिए था, क्या मैं उनकी तस्करी कर रहा था? टीचर ने कहा कि मैंने उन्हें समझाने की कोशिश की कि यह सब मेरे बेटे के लिए था।

**छात्र के कूड़ेदान में फेंक दिए कपड़े और जूते :** इसी तरह हैदराबाद के एक 27 वर्षीय छात्र का कहना था कि भारत में लोगों के लिए बड़े ब्रांडों की डुप्लिकेट या कॉपी बेचना और खरीदना बहुत आम है। मुझे नहीं पता था कि उन्हें अपने सामान में ले जाना इतना गंभीर अपराध है। वे ऐसी कोई चेकलिस्ट भी नहीं देते जिससे लोगों को ये पता हो कि क्या ले जा सकते हैं और क्या नहीं। कैलिफोर्निया से बिजनेस मैनेजमेंट और इकोनॉमिक्स में मास्टर की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट की करीब 10 शर्ट, पैंट और तीन जोड़ी जूते सीमा शुल्क अधिकारियों ने कूड़ेदान में फेंक दिए।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शनिवार 22 जून 2024 | 8


**जिले भर में विश्व योग दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। शिक्षण संस्थानों सभी अस्पतालों तथा आयुष विभाग की संस्थाओं में प्रात: 6 बजे से योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। चित्र उसी अवसर का।**



## शरीर को निरोगी रखने के लिए नियमित योग करें : उप मुख्यमंत्री

### अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस पर उप मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों एवं आमजनों के साथ किया योगाभ्यास



**रीवा।** जिले में अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। मार्तण्ड स्कूल ग्राउण्ड एक के मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विश्व योग दिवस पर वसुधैव कुंटुम्बकम के लिये जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, स्थानीय नागरिकों तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सामूहिक योग किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह ने विद्यार्थियों के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर आईजी एमएस सिकरवार, डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, एसपी विवेक सिंह, सीईओ जिला पंचायत डॉ सौरभ सोनवणे सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने भी योग किया। उप मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों व उपस्थित जनों को योग को अपने दैनिक दिनचर्चा में शामिल करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि शरीर को निरोगी रखने के लिए नियमित योग करें। दिनचर्या में 10-15 मिनट योग करके हम अपने स्वास्थ्य को ठीक रख सकते हैं। जब हम स्वस्थ रहेंगे तभी परिवार, समाज एवं सार्वजनिक जीवन में अपनी जिम्मेदारियों का पूरी सक्षमता से निर्वहन कर पाएंगे। महर्षि पतंजलि ने देश व समाज को योग से अवगत कराया। वर्तमान समय में बाबा रामदेव ने इस विधा को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इसे विश्वव्यापी बनाने का कार्य किया और संपूर्ण विश्व में योग दिवस पर लोग योग करके इसे अंगीकार कर रहे हैं। भारत पूरी दुनिया को परिवार मानता है। विश्व बंधुत्व की भावना और हमारी बढ़ती प्रगति से हम विश्वगुरू का स्थान प्राप्त कर लेंगे। उन्होंने नशे से दूर रहकर योग को अपनाते हुए समाज को स्वस्थ रखने में योगदान देने की अपेक्षा आमजनों से की। श्री शुक्ल ने कहा कि जिले में नशे पर अंकुश लगाने के लिए सीमावर्ती राज्य उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री जी से मिलकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है जिस पर मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वस्त किया है कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए बार्डर में नाकेबंदी की जाएगी तथा उत्तरप्रदेश पुलिस द्वारा कार्यवाही की जाएगी। श्री शुक्ल ने योग दिवस पर सभी के स्वस्थ रहने की कामना की।

सामूहिक योगाभ्यास के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का श्रीनगर से लाइव प्रसारण सुना गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का उद्बोधन भी लाइव प्रसारित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता, जिला आयुष अधिकारी श्रीमती शारदा मिश्रा, एसडीएम अनुराग तिवारी, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, सीएम राइज प्राचार्य वरूणेन्द्र सिंह, सहित अधिकारी, शिक्षक, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि, पुलिस के अधिकारियों को व्यायाम शिक्षक शिष्टधर शर्मा ने योग कराया।

## जिले में अब तक 12.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में पिछले तीन दिनों से मानसून पूर्व की वर्षा हो रही है। जिले की हुजूर तहसील तथा सिरमौर तहसील में इन तीन दिवसों में सर्वाधिक वर्षा दर्ज की गई है। वर्षा के बाद जिले के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। पिछले सप्ताह 43 डिग्री सेल्सियस से 46 डिग्री सेल्सियस तक दिन का तापमान बना हुआ था। अब इसमें लगभग 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। आसमान में बादलों की आवाजाही लगातार बनी हुई है। जिले में 21 जून को 7.3 मिलीमीटर दैनिक वर्षा दर्ज की गई। जिसमें सिरमौर तहसील में 28.2 मिलीमीटर, त्योंथर में 10 मिलीमीटर, गुढ़ में 4 मिलीमीटर तथा रायपुर कर्चुलियान 6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि जिले में एक जून से अब तक 12.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिसमें तहसील हुजूर में 23.2 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 9.5 मिलीमीटर, गुढ़ 4 मिलीमीटर, सिरमौर 30.2 मिलीमीटर, त्योंथर 3 मिलीमीटर, सेमरिया 10 मिलीमीटर, मनगवां 12 मिलीमीटर तथा जवा तहसील में 10 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## विश्वविद्यालय स्टेडियम में योगाभ्यास करके मनाया गया विश्व योग दिवस



**रीवा।** दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय स्टेडियम परिसर रीवा में आयोजित किया गया। भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय केंद्रीय संचार ब्यूरो रीवा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के योग चेतना केंद्र एवं शारीरिक शिक्षा विभाग अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के संयुक्त तत्वाधान में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के कुलगुरु प्रोफेसर राजकुमार आचार्य जी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव प्रो. सुरेंद्र सिंह ने की। योग प्रशिक्षक श्री राजेश सिंह एवं डॉ. एलपी सिंह ने आचार्यों तथा विद्यार्थियों को सामूहिक योगाभ्यास कराया। योगाभ्यास में विश्वविद्यालय के समस्त प्राध्यापक रीवा जिला क्रिकेट संघ के कोच एवं क्रिकेट खिलाड़ी, कबड्डी कोच एवं कबड्डी खिलाड़ी, विश्वविद्यालय स्टेडियम में संचालित सभी प्रशिक्षक खिलाड़ियों तथा विभिन्न महाविद्यालय के कीड़ा अधिकारी शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत भारत सरकार केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय अधिकारी मुकेश कुमार मंडल ने किया। कार्यक्रम संचालन एवं संपादन शारीरिक शिक्षा विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रो.राम भूषण मिश्रा ने किया।

## श्री अन्न के बीज किसानों को बांटकर उप मुख्यमंत्री ने अभियान का किया शुभारंभ



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने विश्व योग दिवस के अवसर पर श्री अन्न (मोटे अनाज) संवर्धन अभियान के शुभारम्भ अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि मोटे अनाज को अपने खान-पान में शामिल किया जाना आवश्यक है। प्राचीन काल में जब हमारे देश में मोटे अनाज ज्वार, बाजरा, मक्का नियमित रूप से भोजन में शामिल किया जाता था तब लोग कम बीमार पड़ते थे। उन्होंने कहा कि हमारा देश श्री अन्न का सबसे बड़ा उत्पादक देश है और बड़ी मात्रा में श्री अन्न का निर्यात किया जा रहा है। आज फिर मोटे अनाज को अपनाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी मोटे अनाज के संवर्धन के लिए प्रयासरत हैं। उनका संकल्प है कि भारतीयों की थाली में मिलेट्स जरूर शामिल हों ताकि हमारा देश के नागरिक स्वस्थ व संपन्न रहे।

## विश्व योग दिवस पर जिले भर में आयोजित हुए योगाभ्यास



**रीवा।** जिले भर में विश्व योग दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। शिक्षण संस्थानों सभी अस्पतालों तथा आयुष विभाग की संस्थाओं में प्रात- 6 बजे से योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मार्तण्ड क्रमांक एक में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारी तथा विद्यार्थियों के साथ योगाभ्यास किया। इसी तरह शासकीय श्रवण एवं दृष्टि बाधित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी विश्व योग दिवस पर शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम तथा अन्य योग क्रियाओं का अभ्यास किया। इसमें संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, अधीक्षक यूपी मिश्रा, अधीक्षक डीके वर्मा तथा विद्यार्थी शामिल हुए।

विश्व योग दिवस पर चिरहुला पार्क में नेहरू युवा केन्द्र तथा विन्ध्य योग संस्थान के सदस्यों ने मिलकर सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया। सभी मिलकर सूर्य नमस्कार, प्राणायाम तथा विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। बाल सम्प्रेक्षण गृह रीवा में योग प्रशिक्षक डॉ केपी शर्मा के मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया गया। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आशीर्वाद भिलाला ने किशोरों के साथ योग का अभ्यास किया। संभागीय शासकीय आईटीआई रीवा में भी योग दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूर्व प्राचार्य बाल्मीकि शर्मा ने एनसीसी कैडेट एवं संस्था के विद्यार्थियों को योग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी को सामूहिक योगाभ्यास कराया। इसमें आईटीआई के प्राचार्य एसएन मिश्रा, अन्य शिक्षकगण तथा विद्यार्थी शामिल हुए। डाक घर रीवा में परिसर में भी योग का अभ्यास किया गया। अमृत सरोवर के किनारे हुआ योगाभ्यास - अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस पर जनपद पंचायत हनुमना के ग्राम पंचायत गनिगवां के अमृत सरोवर लटियर के किनारे अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्थानी जनों ने योगाभ्यास किया।

## जन्म-मृत्यु पंजीयन पोर्टल का प्रशिक्षण 26 जून को

**रीवा।** जन्म-मृत्यु के पंजीयन के लिए नया पोर्टल 27 मई 2024 को लांच किया गया है। पोर्टल में जन्म और मृत्यु की घटनाओं को ऑनलाइन दर्ज करने तथा इसे संचालित करने के लिए 26 जून को प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इस संबंध में संयुक्त संचालक सांख्यिकी ने बताया कि प्रशिक्षण दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में शुरू होगा। इसमें मास्टर ट्रेनर द्वारा नए पोर्टल के संचालन की बिंदुवार जानकारी दी जाएगी। जन्म और मृत्यु के पंजीयन से जुड़े सभी कार्यालयों के अधिकारियों तथा डाटा एंट्री आपरेटरों से प्रशिक्षण में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

## ननि द्वारा पारस नगर में हो रहे अतिक्रमण को हटया गया



**रीवा।** निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 21.06.2024 को वार्ड क्रमांक 10 पारस नगर के रहवासी यादवेंद्र सिंह द्वारा सड़क में दो फिट अतिक्रमण कर अवैध बाउंड्री वॉल बनाई गई थी। स्थानीय निवासियों द्वारा अवैध निर्माण की शिकायत की गई, जिस पर नगर निगम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए यादवेंद्र सिंह को अवैध निर्माण हटाने का निर्देश दिया। जब निर्देशों का पालन नहीं किया गया, तो उपयंत्री श्री शुभम तिवारी, अतिक्रमण प्रभारी श्री ज्ञानेन्द्र द्विवेदी की मौजूदगी में नगर निगम अतिक्रमण टीम द्वारा बाउंड्री वॉल को ध्वस्त किया गया साथ ही रू. 2000 की चालानी कार्रवाई की गई एवं समझाइस दी गई कि दुबारा अतिक्रमण किये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अतिक्रमणकर्ताओं के बीच एक कड़ा संदेश गया है कि किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही जय स्तंभ से हास्पिटल चौराहा तक एवं शहर के अन्य प्रमुख मार्गो पर सड़क पटरी पर किये गये अस्थाई अतिक्रमण को हटाये जाने की कार्रवाही में अतिक्रमण प्रभारी के साथ अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

## सोहागी में युवक की कुल्हाड़ी मारकर हत्या, पत्नी व भाई पर संदेह


**रीवा।** रीवा के सोहागी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भीतरी में एक युवक की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी गई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा दर्ज कर शव पीएम के लिए न केवल अस्पताल भेजा बल्कि आसपास के लोगों से पूछताछ भी की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल ने बताया कि संदेश के आधार पर मृतक की पत्नी और भाई को पड़कर पूछताछ की जा रही है। पूरे मामले का खुलासा जल्द कर दिया जाएगा। शुरुआती सूचना के आधार पर पुलिस को बताया गया कि युवक ने स्वत: कुल्हाड़ी मारकर आत्महत्या की है। हालांकि मौके पर मिले सच एवं लोगों द्वारा दी जा रही सूचना दोनों गलत साबित हुई।

## रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**रीवा**

मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निवार्चन पदाधिकारी एमबी ओझा ने विपणन सहकारी समिति बैकुण्ठपुर के संचालक मण्डल के निर्वाचन के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक केएस मरावी को संचालक मण्डल के सात रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए सदस्यता सूची तैयार करने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। यह नियुक्ति मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम 1962 के प्रावधानों के तहत की गई है। सदस्यता सूची के संबंध में अपील सुनने के लिए उपायुक्त सहकारिता अशोक शुक्ला को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। तैनात अधिकारियों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सदस्यता सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

## नगर निगम की आई.ई.सी. टीम द्वारा चलाया गया डोर टू डोर जागरुकता अभियान



**रीवा**

निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार शहर के रहवासी क्षेत्र धोबिया टंकी, इन्द्रा नगर, रानीगंज एवं घोघर में डोर टू डोर जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में सभी नागरिकों को समझाईस दी गई की कचरे को बाहर न फेक कर गाड़ी में ही कचरा दे साथ ही लोगो को अपने घरो से निकलने वाले कचरे को गीला, सूखा अलग करते हुए 2 डस्टबीन का उपयोग करे। लोगो को यह भी समझाया गया कि जो कचरा आप बाहर फेक देते है उससे हमारा पर्यावरण प्रदूषित होता है और हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ने के साथ ही शहर गंदा हो रहा है इसलिए सभी से अपील की गई आप सभी अपने घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा गाड़ी में ही दे। जिससे हमारा शहर स्वच्छ और सुंदर बन सके। नागरिकों को अपने शहर को स्वच्छ रखने के लिए शपथ दिलाई गई अब रीवा शहर के सभी रहवासियो ने ठाना है रीवा को स्वच्छ बनाना है और 2024 में शहर को प्रथम स्थान दिलाना है। डोर टू डोर जागरुकता अभियान में आईईसी टीम, वॉर्ड दरोगा एवं वॉर्ड के नागरिकगण उपस्थित रहे।

## आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुये नाला एवं नालियों की साफ-सफाई का कार्य निरंतर कराया जा रहा



**रीवा।** निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुये नाला एवं नालियों की साफ-सफाई का कार्य निरंतर कराया जा रहा है। दिनांक 21.06.2024 को नाला गैंग द्वारा वार्ड 04 गुरूकुल मोड़ से बिलाबाग स्कूल तक नाला एवं रोड़ की सफाई कराई गई। वार्ड 38 कबीरन कुऑ का बड़ा नाला की सफाई एवं चुनहाई कुआ का बड़ा नाला की सफाई कराई गई। वार्ड 41 बिछिया महामृत्यंजय के पीछे का नाला साफ कराया गया। कालेज चौराहा से भाजपा कार्यालय तक एवं सुभाष तिराहा से जनता कालेज मोड तक डिवाइडर एवं पटरी की सफाई कराई गई। साथ ही कचरे का उठाव का कार्य टैक्टर एवं टैम्पो द्वारा कराया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा शहर में भ्रमण कर सफाई कार्य एवं कचरा उठाव कार्य का निरीक्षण किया गया।

## स्वस्थ रहने के लिए योग को अपने जीवन का अंग बनाएं : कलेक्टर

### विश्व योग दिवस पर मऊगंज जिला मुख्यालय सहित जिलेभर में आयोजित हुए सामूहिक योग कार्यक्रम



**मऊगंज।** विश्व योग दिवस पर मऊगंज जिला मुख्यालय सहित जिले भर में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम शासकीय शहीद केदारनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय मऊगंज के परिसर में आयोजित हुआ। सामूहिक योग कार्यक्रम में कलेक्टर अजय श्रीवास्तव सहित प्रशासनिक अधिकारियों, महाविद्यालय एवं विद्यालयों के शिक्षकों तथा जनप्रतिनिधियों युवाओं एवं आमजन ने योगाभ्यास किया।

इस अवसर पर कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए योग को अपने जीवन का अंग बनाएं। योगाभ्यास करने से शारीरिक और मानसिक दोनों लाम मिलते हैं योग तनाव चिंता को कम करने में भी लाभप्रद है। उन्होंने कहा कि जब स्वस्थ्य व्यक्ति होगा तभी स्वस्थ्य समाज का निर्माण होगा और जब स्वस्थ्य समाज होगा तभी देश का विकास होगा। इसलिए योग एवं प्राणायाम नियमित करें। इस अवसर पर खेल शिक्षक धर्मेंद्र पांडेय एवं योग में विश्व रिकार्ड बनाने वाले अरुण द्विवेदी द्वारा योग एवं प्राणायाम की विभिन्न विधाओं का योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अशोक कुमार ओहरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुराग पांडेय, एसडी बीपी पांडेय सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों समाजसेवी एवं युवाओं ने भाग लिया।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833